


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

वैशाख कृष्ण पक्ष 14, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 08 मई 2024, वर्ष-30, अंक- 199, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित





पेज-12

सेंसेक्स 73,511.85 ▲ -383.69
डॉलर 83.463 ▼ -0.013

**पलामू सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 71,190
चांदी (1 किलो) 82,760

## राज्य में छठे चरण के चुनाव की स्क्रूटनी में 22 की उम्मीदवारी रद्द

**- सातवें चरण के लिए नामांकन के पहले दिन तीन ने भरा पर्चा**

**- जब्ती का आंकड़ा एक अरब 10 करोड़ 36 लाख हुआ**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि छठे चरण के चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी में 22 उम्मीदवारों का पर्चा रद्द हो गया है। सबसे अधिक सात उम्मीदवारों का पर्चा गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से रद्द हुआ है। यहां अब कुल 18 प्रत्याशी चुनाव मैदान में बचे हैं। के. रवि कुमार मुख्य निर्वाचन कार्यालय, निर्वाचन सदन, सेक्टर-2 धुर्वा में मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। रवि कुमार ने बताया कि धनबाद



संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से तीन का पर्चा रद्द हुआ है। अब यहां कुल 25 उम्मीदवार बचे हैं। रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से छह लोगों का पर्चा खारिज हुआ है। यहां से अब 27 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से भी छह लोगों का पर्चा रद्द हुआ है। यहां अब 26 उम्मीदवार बचे हैं। इस चरण में नाम वापसी की अंतिम तारीख नौ मई है।

रवि कुमार ने बताया कि सांतवें चरण के चुनाव में नामांकन के पहले दिन कुल तीन प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। इसमें राजमहल (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से एक नामांकन दाखिल किया गया है। गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से दो लोगों ने नामांकन पत्र भरा है जबकि दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से पहले दिन एक भी नामांकन नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद से झारखंड में सामान और नकदी की जब्ती का आंकड़ा एक अरब से ऊपर जाकर 01 अरब 10 करोड़ 36 लाख हो गया है।

## गोपनीय पत्र मिलने की सीबीआई जांच कराने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने ईडी द्वारा जब्त 35 करोड़ की राशि के मामले में मंगलवार को मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को पत्र लिखा है। पत्र में बाबूलाल ने कहा कि ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा मुख्य सचिव को लिखे गए गोपनीय पत्र की प्रति ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के कर्मचारी के घर से मिला है। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर मामला है कि कैसे एक गोपनीय पत्र निजी सचिव के कर्मचारी के आवास से मिला है। इसकी जांच कराई जाए। मरांडी ने पत्र में लिखा है कि देशभर में नोट के बंडल के साथ मुख्य सचिव का पत्र मिलने की चर्चा हो रही है। झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। मुझे विश्वास है कि आप भी यह देखकर आश्चर्य चकित होंगे। लिखा है कि प्रवर्तन निदेशालय,



रांची द्वारा 08 मई, 2023 को मुख्य सचिव, झारखंड को पत्र लिखा जाता है और दूसरे दिन नौ मई को मुख्य सचिव द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव को कार्रवाई का आदेश दिया जाता है। आश्चर्य है कि सचिव ने इस संवेदनशील मामले में कार्रवाई करने में कोई रूचि नहीं दिखाई। गंभीर मामला यह भी है कि ईडी द्वारा लिखा गया गोपनीय पत्र मंत्री के निजी सचिव के कर्मचारी जहांगीर आलम के घर से ईडी की छापेमारी में नोटों के बंडल में मिलता है, जिस पत्र के आधार पर सचिव को भ्रष्टाचारियों पर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### अलग-अलग वज्रपात की घटना में दो बच्चों की मौत

**पांकी/ हुसैनाबाद।** पांकी प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार की शाम अचानक हुई बारिश के साथ वज्रपात से प्रखंड क्षेत्र में डेमा गांव निवासी प्रमोद भुइयां के 13 वर्षीय पुत्र पप्पू कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बारिश के दौरान पप्पू कुमार पेड़ के समीप खड़ा था। वहीं वह वज्रपात की चपेट में आ गया। चहीं इस घटना में कुछ लोग बाल -बाल बच गए, पप्पू कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई । वहीं मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं, जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के गाजी बीरहा गांव निवासी विनोद पासवान की चार वर्षीय बेटी साक्षी कुमार की वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना मंगलवार शाम चार के बजे की बताई जाती है। जानकारी के अनुसार बच्ची अपने घर से कुछ दूरी पर खेल रही थी। तेज हवा और बारिश के दौरान अचानक वज्रपात होने से उसकी चपेट मे आ गयी। परिजनों ने तत्काल उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने देखने के बाद उसे मृत घाषित कर दिया।

### सातवें चरण के लोकसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

**रांची।** निर्वाचन आयोग ने सातवें चरण के लोकसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। सातवें चरण का मतदान एक जून को होगा। इसमें झारखंड की तीन लोकसभा सीटों राजमहल (अजजा), दुमका (अजजा) ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### आज के मैच

SUNRISERS VS LUCKNOW SUPER GIANTS

**समय : 08 मई, 7:30 बजे से**
**स्थान : हैदराबाद**




## काले धनकुबेरों के ठिकानों पर दूसरे दिन भी रेड, डेढ़ करोड़ कैश बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को भी राजधानी के सात जगहों पर छापा मारा। जहां से करोड़ों रुपए कैश में बरामद होने की सूचना है। जानकारी के अनुसार रांची के सिंह मोड़, रातू और आईटीआई बस स्टैंड के पास रहने वाले बिल्डरों के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की है। जबकि डोरंडा शुक्ला कॉलोनी के एक ठेकेदार राजीव कुमार सिंह उर्फ राजू सिंह के यहां भी ईडी ने छापेमारी की, जहां से डेढ़ करोड़ से अधिक की राशि मिलने की खबर है। जिसे गिनने के लिए बैंक से मशीन मंगवाई गई।

**मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव और जहांगीर छह दिनों की ईडी रिमांड पर :** सोमवार की सुबह चार बजे से शुरू हुई ईडी की छापेमारी मंगलवार के सुबह तीन बजे तक चली। उसके बाद ईडी ने संजीव लाल और नौकर जहांगीर को हिरासत में लेकर अपने साथ लेकर ईडी दफ्तर लेते गई। जहां पूछताछ के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। ईडी ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के गिरफ्तार पीएस संजीव लाल,उनके नौकर जहांगीर आलम को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में संजीव लाल और जहांगीर से पूछताछ करने के लिए ईडी की ओर से दस दिनों की रिमांड मांगी गयी। इसके बाद कोर्ट ने छह दिनों की रिमांड की मंजूरी दी। दोनों आरोपितों को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेजा गया। ईडी दोनों को बुधवार से रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

**पैरवी वाली पर्ची से प्रशासनिक खेमे में खलबली :** ईडी की छापेमारी के दौरान पैरवी वाली पर्ची मिली है, जिसके बाद राजनीतिक गलियारे और प्रशासनिक खेमे में खलबली मच गई है। पैरवी वाली पर्ची जहांगीर आलम के ठिकाने से बरामद रुपयों के ढेर में मिला था, जिसमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने तत्कालीन हजारीबाग जिले के कटकमदाग की बीडीओ शालिनी खलखो को हटाकर हजारीबाग से कहीं दूर करने के बारे में लिखा है। 23 जून 2023 लिखा हुआ है। पत्र में यह भी लिखा गया है कि इन्हें हटाना जरूरी है।

## आरक्षण की सीमा बढ़ाएंगे, हर गरीब परिवार की महिला को देंगे एक लाख : राहुल

**● कांग्रेस पार्टी देश के तमाम किसानों का कर्ज माफ करेगी, कानूनी रूप से एमएसपी देगी।**

**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा/गुमला।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की बागडोर संभालने वाले राहुल गांधी मंगलवार को झारखंड पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी के समर्थन में चाईबासा टाटा कॉलेज और उसके बाद गुमला के बसिया में कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत के समर्थन जनसभा को संबोधित किया। जनसभाओं में उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन यदि सत्ता में आया तो देश के गरीब परिवारों का सर्वेक्षण कराया जायेगा। हर गरीब परिवार की एक महिला के खाते में हर वर्ष एक लाख रुपये डाले जायेंगे। आंगनबाड़ी एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का मानदेय भी दोगुना कर दिया जायेगा। उन्होंने आरक्षण बढ़ाने का भी वादा किया। राहुल ने जोहार शब्द से संबोधन की शुरूआत की। साथ ही कहा कि जोहार इसलिए बोला कि यह आदिवासियों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर




### हर महीने 8,500 रुपये टकाटक... टकाटक

राहुल ने कहा कि देश में सभी गरीब परिवार का एक लिस्ट तैयार किया जाएगा जिसमें वैसे आदिवासी दलित और पिछड़े लोग होंगे जो गरीबी रेखा से नीचे रहते हैं। ऐसे परिवार की एक महिला के अकाउंट में हम 10 हजार, 20 हजार, पचास हजार, 90 हजार नहीं बल्कि पूरा एक लाख रुपए प्रत्येक वर्ष डाल देंगे। प्रत्येक माह 8,500 रुपया टकाटक... टकाटक। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### सिंह की दहाड़ की तरह वोट से तानाशाही ताकतों को दें जवाब : कल्पना सोरेन

**रांची।** कल्पना सोरेन ने भी इन चुनावी सभाओं को संबोधित किया। चाईबासा में कहा कि सिंहभूम शेरों की भूमि है, यहां लाखों शेर और शेरनियां हैं। देश की तानाशाही ताकतों जो हमें कुचलने,तोड़ने और झुकाने पर आमादा हैं, उन्हें अपनी दहाड़ से जवाब दीजिए वोट की ताकत से चोट कीजिए। तभी हम सभी के आत्मविश्वास और स्वाभिमान की रक्षा हो सकेगी। कल्पना सोरेन ने अपने पति के नए लुक का जिक्र करते हुए कहा कि हेमंत के नए लुक को हम सभी को मिल कर ताकत देनी है, नारों की गूंज सिर्फ आज ही नहीं 4 जून को भी सुनाई देनी चाहिए। कल्पना सोरेन ने मंच पर मौजूद राहुल गांधी की जम कर तारीफ करते हुए कहा कि इनकी दृष्टि काफी दूर तक है, ये सिर्फ झारखंड ही नहीं पूरे देश के आदिवासी, दलित,अल्पसंख्यक, महिलाएं, बेरोजगार, सभी के लिए सोच रहे हैं, इसलिए इनके हाथ को मजबूत करना है।

## भाजपा झारखंड का इतिहास मिटाना चाहती है : चंपाई सोरेन

**- यह चुनाव देश के लिए निर्णायक, संविधान व लोकतंत्र बचाने की है लड़ाई**

**- भाजपा ने पूंजीपतियों को सब सौंप दिया, झारखंड खुद अपने पैरों पर खड़ा होगा**

**चाईबासा/गुमला।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव देश के लिए निर्णायक है। हमने आदिवासियों-मूलवासियों का अस्तित्व बचाने के लिये सरना धर्म कोड बनाया लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार ने इसे रोक दिया। ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की लेकिन वो आगे नहीं बढ़ा। भाजपा पूरी तरह से आदिवासी-मूलवासी, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## तीसरे चरण में 61.45 प्रतिशत मतदान, आंकड़े में बदलाव संभव

**● असम में सबसे ज्यादा 75 प्रतिशत, महाराष्ट्र में सबसे कम 53.40 प्रतिशत, बिहार-छत्तीसगढ़ में 3 की मौत**

**● तीसरे चरण के साथ 20 राज्यों एवं यूटी में मतदान की प्रक्रिया पूरी, 543 लोस सीटों में से 283 पर हो चुका मतदान**

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को एक बार फिर 60 फीसदी से ज्यादा



मतदान हुआ है। चुनाव आयोग ने बताया कि रात आठ बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 11 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की 93 सीटों पर 61.45 प्रतिशत मतदान हुआ। आयोग ने बताया कि चुनाव शांति पूर्ण रहा। हालांकि, सुबह पश्चिम बंगाल से हिंसा की छिटपुट खबरें प्राप्त हुई थीं। रात 8 बजे तक सबसे ज्यादा 75.26 प्रतिशत मतदान असम में होने की सूचना है। महाराष्ट्र में सबसे कम 54.77 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाले। गोवा में 74.27 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 73.93 प्रतिशत मतदान हुआ। कर्नाटक में 67.76 फीसदी, छत्तीसगढ़ में 66.99 फीसदी, दादर एवं नागर हवेली और दमन एवं दीव में 65.23 फीसदी और मध्य प्रदेश में 63.09 फीसदी मतदान हुआ। उत्तर प्रदेश से 57.34 प्रतिशत, गुजरात से 56.76 प्रतिशत और बिहार से 56.55 प्रतिशत मतदान की खबर है। पहले चरण में 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ था। चुनाव आयोग ने बताया कि वोटिंग के आंकड़े अंतिम नहीं हैं तथा इनमें आगे बदलाव की संभावना है। वोटिंग के दौरान कई जगहों पर छिटपुट घटनाएं सामने आई। कुछ ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## हमारी चुनावी प्रक्रिया व प्रबंधन दुनिया के लिए सीखने का उदाहरण : प्रधानमंत्री

**■ मीडियाकर्मी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें, लोकतंत्र के पर्व को उत्सव के रूप मनाएं**

**■ शांतिपूर्ण चुनाव के लिए आयोग, सुरक्षा बल और प्रशासनिक अधिकारियों को बधाई**

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार सुबह अहमदाबाद के राणीप स्थित निशाल स्कूल में मतदान करने के बाद मीडिया से बातचीत में



लोकतंत्र के पर्व को उत्सव के रूप में मनाने की अपील की। उन्होंन गर्मी में भागदौड़ कर रहे मीडिया के साथियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने को कहा। बोले, मीडिया में कंपटिशन भी इतना है कि आपको समय से आगे दौड़ना पड़ता है ऐसे में स्वास्थ्य का ध्यान राना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे मीडिया के मित्रों का बताना चाहते हैं कि हमलोगों के देश में भारत की चुनावी प्रक्रिया व प्रबंधन ऐसा है जो दुनिया के लोकतांत्रिक देशों के लिए सीखने का उदाहरण है। दुनिया की बड़ी बड़ी यूनिवर्सिटी को इसकी स्टडी करना चाहिए। आज दुनिया के 64 देशों में चुनावी प्रक्रिया है, सभी से तुलना करना चाहिए। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया : भविष्य की सरकार को उछाले गए मुद्दों से ऊपर गंभीर प्रयास करने होंगे



सुनील बादल

**हिंदुत्व** और जातीय जनगणना जैसे उछाले गए मुद्दों से अलग नए भारत में कुछ ऐसा भी हो रहा है जो न सिर्फ समय की मांग है बल्कि वैश्विक दौड़ में आगे रहने के लिए बाध्यकारी है। भारत अपने आर्थिक प्रक्षेपक और अपने विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये आवश्यक रणनीतियों के बारे में गंभीर चर्चा में रत है कि वर्ष 2025 तक भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य जो मुख्य रूप से समग्र सकल घरेलू उत्पाद के आसपास केंद्रित है, एक सामान्य नागरिक के हित या कल्याण के महत्त्वपूर्ण विषय की अनदेखी करता है और मुख्यतः प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर अधिक बल देता है।भारत के आर्थिक भविष्य की पुनर्कल्पना के लिए रघुराम राजन और रोहित लांबा की किताब 'ब्रेकिंग द मोल्डः रीइमेजिनिंग इंडियाज इकोनॉमिक फ़्यूचर भारत के विकास मॉडल के समालोचनात्मक परीक्षण का प्रयास करती है। यह सवाल उठाती है कि क्या औद्योगिक विकास पर सेवा क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देने से सतत विकास की राह पाई जा सकती है, जबकि यह विकसित एवं औद्योगीकृत अर्थव्यवस्थाओं में देखे गए ऐतिहासिक पैटर्न से एक भटकाव को प्रकट करता है। भारत को अपनी अर्थव्यवस्था में अपने विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ाने में विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जहां विकास दर 20% या उससे कम




रही है।इससे भारत के विकास में एक विशिष्ट चरण को दरकिनार करने, कृषि अर्थव्यवस्था से एक प्रबल सेवा-आधारित अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ने और इस तरह के संक्रमण की संवहनीयता के बारे में चिंताएं पैदा होती हैं।राजन और लांबा सूचना प्रौद्योगिकी के परिष्करण द्वारा विश्व व्यापार सेवा विकास में भारत के लिये एक अवसर की बात करते हैं।

चूंकि वैश्विक कंपनियां व्यावसायिक सेवाओं को अधिकाधिक आउटसोर्स कर रही हैं, भारत एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, बशर्ते वह 'स्केलेबिलिटी' की चुनौती को संबोधित कर सके।

**रोजगार संकट और युवा आकांक्षाएं :** भारत एक रोजगार संकट का सामना कर रहा है, विशेषकर युवाओं (15-24 आयु वर्ग) के बीच, जहां बेरोजगारी दर 40% से अधिक है। युवा कामगार उच्च आकांक्षाएं रखते हैं और देश को निजी नियोक्ताओं द्वारा पर्याप्त रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने के लिये त्वरित उपायों की आवश्यकता है।

**सेवा क्षेत्र मॉडल से संलग्न चुनौतियां :** भारत में वर्तमान सेवा क्षेत्र हाई-टेक सेवाओं में वृद्धि का अनुभव करते हुए भी रोजगार सृजन के मामले में, विशेष रूप से निम्न मूल्य-वर्द्धित एवं निम्न-कौशल सेवाओं में, चुनौती का सामना कर रहा है।

सेवा क्षेत्र का विभाजन युवाओं की आकांक्षाओं के अनुरूप आय स्रोत उत्पन्न करने की इसकी क्षमता पर सवाल उठाता है। भारत में कौशल की कमी सेवा क्षेत्र के नेतृत्व वाले मॉडल के लिये एक उल्लेखनीय चुनौती है। 2.2 मिलियन स्नातक पैदा करने के बावजूद, अपर्याप्त प्रशिक्षण के कारण इनमें से अधिकांश को रोजगार हेतु अयोग्य माना जाता है।आनेवाली सरकार को इनपर ध्यान देना ही होगा।

## झामुमो ने विधायक चमरा लिंडा को पार्टी से किया निलंबित

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने लोहरदगा सीट पर 'इंडिया' गठबंधन से बगावत कर स्वतंत्र प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे विधायक चमरा लिंडा को पार्टी से निलंबित कर दिया है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय की ओर से मंगलवार को जारी पत्र में कहा गया है कि चमरा लिंडा ने लोहरदगा सीट से नामांकन कर गठबंधन धर्म के विपरीत कार्य किया है। ऐसे में उन्हें पार्टी की केंद्रीय कमेटी के अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर पार्टी के सभी पदों से मुक्त करते हुए सदस्यता से निलंबित किया जाता है। चमरा लिंडा विशुनपुर विधानसभा सीट से झामुमो के विधायक हैं और लोहरदगा लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर डटे हुए हैं। 'इंडी' गठबंधन के तहत यह सीट कांग्रेस को दी गई है, जिसने सुखदेव भगत



को उम्मीदवार बनाया है। मंगलवार को लोहरदगा सीट के कोनबिर में राहुल गांधी की चुनावी सभा के ठीक पहले झामुमो ने चमरा लिंडा को सस्पेंड करते हुए यह संदेश देने की कोशिश की है कि पार्टी यहां गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में खड़ी है। बता दें कि इसके पहले चार मई को झामुमो ने खूंटी संसदीय सीट पर बागी प्रत्याशी पार्टी के पूर्व विधायक बसंत लोंगा को भी निष्कासित कर दिया था।

## एक नजर

### इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम की भौतिक सत्यापन व बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया



**पाटन।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी पलामू के निर्देश के आलोक में पाटन सर्किल पुलिस इंस्पेक्टर रामाशंकर पटेल, नावाजयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय, सेक्टर प्रभारी संतोष कुमार आदि ने चिन्हित इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम भवनों का जायजा लिया। पाटन प्रखण्ड में आठ इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम में पांच नावाजयपुर थाना में चिन्हित किये है। रिजर्व ईवीएम को सुरक्षित रखने हेतु बनाई गई इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम भवनों दीपौवा , चूडादोहर आदि स्कूल भवनों की जायजा लिया। विद्यालय भवन से मतदान केंद्रों की दूरी एवं रूट चार्ट की जायजा लिया। मतदान केंद्रों एवं स्ट्रांग रूम पर अनिवार्य सुविधाओ की देखा तथा बीएलओ को मतदान से पूर्व हर हाल में सुविधा बहाल करने, साफ-सफाई करने का निर्देश दिया। पाटन प्रखण्ड अंतर्गत 116 मतदान केंद्रों में 81 अतिसेवदनशील बूथ चिन्हित है,नावाजयपुर थाना अंतर्गत सभी बूथ संवेदनशील चिन्हित है।

### दिव्यांगों ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया




**छतरपुर।** छतरपुर प्रखंड परिसर से दिव्यांगों ने मतदाता जागरूकता अभियान निकाला। वीरेंद्र साव और अवधेश राम ने बताया कि प्रखंड परिसर से छतरपुर मुख्य बाजार में घूम कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। पहले मतदान बाद में जलपान स्लोगन के साथ जागरूक किया।

# एनसीपी कार्यकर्ता घर-घर मांगेंगे भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट : कमलेश

- लोस प्रभारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की हुई बैठक
- वीडी राम को भारी मतों से जीतने की अपील की



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** एनडीए के घटक दल एनसीपी अजीत गुट के कार्यकर्ताओं की बैठक हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय में हुई। बैठक में पार्टी द्वारा प्रतिनियुक्त पलामू लोस प्रभारी अजीत सिंह शामिल हुए। बैठक को एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उन्हें खुद भी बैठक में रहना था। मगर चुनावी कार्यक्रमों की व्यस्तता की वजह से वह शामिल नहीं हो सके। इसका उन्हें काफी मलाल भी है। उन्होंने कार्यकताओं को आह्वान किया कि घर-घर पहुंचकर एनडीए प्रत्याशी वीडी राम के पक्ष में वोट मांगे। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार में किसान गरीब मजदूर व आम लोगों के हित में किए गए कार्यों से जनता को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि देश की मजबूती व लोकतंत्र को कायन रखने के लिए नरेंद्र भाई मोदी को प्रधानमंत्री बनाना जरूरी होगा। इसके लिए हमें अपना अपना बूथ जीतना जरूरी है। एनसीपी के पलामू लोस प्रभारी अजीत सिंह ने कहा कि पार्टी तन, मन, धन से तैयार हैं। एक एक कार्यकर्ता अपने अपने गांव के एक एक घर में केंद्र सरकार की उपलब्धियां पहुंचने के साथ उनका वोट मांगने का काम करेंगे। वक्ताओं ने कहा कि चुनाव के दिन अधिक से अधिक लोगों को बूथ तक जाकर मतदान करने को भी प्रेरित करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस चुनाव देश में स्वाभिमान की रक्षा के लिए एनडीए प्रत्याशी को विजयी बनाने का दायित्व सभी का है। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संदीप पासवान ने की। संचालन प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने किया। बैठक में हुसैनाबाद के सभी प्रखंडों के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी ने एकजुटता के साथ एनडीए प्रत्याशी को भारी मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया।

# लालू यादव दलित व पिछड़े के लिए हमेशा लड़ते रहे हैं : गौतम सागर

**नवीन मेल संवाददाता**



**छतरपुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सीपीआई राजद एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता केडी सिंह, गौतम सागर राणा, चंदन प्रकाश सिन्हा एवं संजर नवाज ने संयुक्त रूप से चराई हुटुकदाग मंझौली कंचनपुर बिल्टाडीह दिनादाग सहित दर्जनों गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। जिसमें लोगों को महागठबंधन के सरकार के द्वारा झारखंड में किए गए कामों के आधार पर ममता भुइयां के पक्ष में वोट देने की मांग की गई। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि भाजपा के सरकार में वृद्धा पेंशन पाने के लिए लंबी सूची होती थी और लोगों को पहले से सुविधा पा रहे लोगों के मृत्यु का इंतजार करना पड़ता था ताकि उन्हें सूची में शामिल किया जा सके और वृद्धा पेंशन दिया जा सके। लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार ने इस बाध्यता को खत्म किया और 50 वर्ष से उम्र के सभी वृद्ध व्यक्तियों को पेंशन की सुविधा देना सुनिश्चित किया गया। एक ही परिवार में बाप-बेटे और दादा सभी पेंशन पा रहे हैं। राजद के पूर्व विधायक गौतम सागर राणा ने कहा कि लालू यादव गरीब-गुरबों, दलित एवं पिछड़े के लिए हमेशा लड़ते रहे हैं और उनकी आवाज को बुलंद करते रहे हैं। जिसके कारण भाजपा एक साजिश के तहत उन्हें गिरफ्तार करने पर तुली हुई है ताकि गरीब गुरबों की आवाज को दबाया जा सके और अडानी अंबानी को लूट की छूट दी जा सके। केडी सिंह ने कहा कि केंद्र की सरकार 400 पार का नारा लग रही है ताकि संविधान को खत्म किया जा सके जो कदापि नहीं होने दिया जाएगा। संजर नवाज ने कहा कि केंद्र की सरकार हिंदू मुस्लिम करके हमें आपस में लड़वाना चाहती है। उपस्थित लोगों ने ममता भुइंया के पक्ष में नारे भी लगाए। साथ में राजद के प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, सीपीआई के जिला उपाध्यक्ष कपिल देव प्रजापति, बदरुद्दीन, विजय चंद्रवंशी सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# पलामू डीएसओ पहुंचे पांकी, लोगों को मतदान के प्रति किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**



**पांकी।** पलामू डीएसओ प्रीति किस्कु मंगलवार की संध्या मतदाताओं को जागरूक करने हेतु पांकी पहुंचे, जहां उन्होंने पांकी प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत प्रखंड कर्मियों एवं बूथ लेवल ऑफिसर के साथ प्रखंड के ननकू चौक के समीप मतदाताओं से संपर्क कर मतदान के प्रति जागरूक किया। उन्होंने मतदाताओं से मतदाता पर्ची प्राप्त होने की जानकारी लेते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी मतदाताओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना है। पहले मतदान फिर जलपान का संकल्प दिलाते हुए उन्होंने नये मतदाताओं के हौसलों को बढ़ाया व इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चलाए जा रहे हैं इस मुहिम को सफल बनाने हेतु कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। जागरूकता अभियान के दौरान पलामू डीएसओ समेत उप मुखिया अनारीक राम ,प्रखंड कर्मी सुनील चौधरी ,मनीष कुमार, बीएलओ सुनीता कुमारी, सुनीता देवी, सरिता कुंवर, रीना कुमारी, लखन कुमार गौतम, नीरज कुमार, शिक्षिका चंचला मिश्रा ,राजेश खन्ना समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# दो भाईयों के खपरैल घरों में आग लगने से लाखों का हुआ नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** नावा बाजार थाना क्षेत्र के इटको हनुमान मंदिर के समीप सोमवार की रात्रि रामनंदन प्रजापति व अर्जुन प्रजापति के खपरैल घरों में अचानक आग लग गई। स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने का हरसंभव प्रयास किया। वहीं घटना की सूचना नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार को दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इनके द्वारा फायर ब्रिगेड टीम को बुलाकर आग पर काबू पाया गया। आग कैसे लगी इस बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है। पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वही आग लगी की घटना के लिए पीड़ित परिवार के द्वारा अपने हीं लोगों पर आशंका जतायी जा रही है। परिवार के लोगों में काफी दिनों से जमीन विवाद चल रहा है। संयुक्त हिस्से की जमीन का फर्जी तरीके वंशावली बनाकर इन्हें बाहर कर दिया गया। वहीं लक्ष्मण प्रजापति, संजय प्रजापति, परीखा प्रजापति, गणेश प्रजापति, जितेंद्र प्रजापति, हरेंद्र प्रजापति, मुकेश प्रजापति के द्वारा उक्त जमीन की बिक्री कर दी गई थी। जिसपर पीड़ित परिवार काबिज है। गलत तरीके से जमीन खरीदने वालो के द्वारा उक्त भूमि पर तीन दिन पहले जेसीबी चलाया गया। जहां हम लोग को मना करने पर अपने ही गोतिया परिवार हम पर जानलेवा हमला कर बलुआ टांगी से परिवार को घायल कर दिया। नावा बाजार थाना में प्राथमिक की दर्ज की गई। पीड़ित परिवार का कहना है कि घर में सोए हुए थे, बाहर से दरवाजा की सिकड़ी बंद कर दोनों भाइयों के घरों को आग के हवाले कर दिया। अपने घर के आंगन से सीढ़ी लगाकर बाहर निकल सभी अपनी जान बचाने में सफल हुए, लेकिन घर जलकर राख हो गया। घटना की सूचना पाकर इटको पंचायत मुखिया पति सह समाज सेवा सफिर आलम, उपप्रमुख मीर खुर्शीद आलम सत्यनारायण सोनी उपेंद्र सोनी अर्जुन गुप्ता सोनू गुप्ता सरजू साव, फिदा हुसैन सहित कई लोगों का देखने के लिए ताता लग रहा।

# भाजपा नेताओं ने चौपाल लगाकर वीडी राम के लिए मांगा समर्थन



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विस क्षेत्र में मंगलवार को भाजपा नेताओं ने कई जगह चुनावी चौपाल लगाया। वहीं दर्जनों गांवों का दौरा कर पार्टी प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के लिए लोगों से समर्थन मांगा। इस दौरान भाजपा नेताओं ने निवर्तमान सांसद सह पार्टी प्रत्यासी विष्णु दयाल राम की दस वर्षों की उपलब्धियां गिनाई। वहीं लोगों को केंद्र की मोदी सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत कराया। वरिष्ठ भाजपा नेता अजय दुबे ने कहा कि भाजपा भारत की मजबूती और देश के विकाश के लिए काम करती है, इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर पूरा देश विश्वाश करता है। मौके पर जनक शर्मा,मनोरंजन गुप्ता,जिला कार्य समिति सदस्य शंभूषरण सिंह, मनोज विश्वकर्मा, प्रभु विश्वकर्मा, सतीश कुमार, गिरजाशंकर तिवारी, पंकज पांडेय, अवधेश सिंह, विमल चंद्रवंशी, राधेश्याम विश्वकर्मा, विनोद प्रजापति, दिनेश श्रीवास्तव, बैजनाथ सिंह, दीपक यादव, उमेश विश्वकर्मा, शशि कुमार सिंह, श्याम किशोर सिंह सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

### डांस प्रोग्राम को लेकर हुए विवाद में मारपीट कई को लगी चोट

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के रविदास नगर में सोमवार की रात आयोजित शादी समारोह में डांस प्रोग्राम को लेकर हुए विवाद में बाराती पक्ष के दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में किया गया। जानकारी के अनुसार हैदरनगर थाना क्षेत्र हरिजनवा बीघा से नगर पंचायत क्षेत्र के रविदास नगर निवासी महेंद्र राम के घर बारात आई थीं। द्वार पूजा के बाद डांस प्रोग्राम चल रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर बाराती पक्ष और सराती पक्ष के बीच विवाद हो गया और नौबत मारपीट तक पहुंच गई। मारपीट में कई बारातियों को हल्की चोट लगी। बलराम कुमार व ललु राम हरिजनवा विगहा गांव निवासी व दो बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। काफी देर के बाद दोनों पक्षों को लोगों ने समझा बुझाकर मामला शांत कराया। शादी की सभी रस्मे पूरा होने के बाद दुल्हे राजा ने अपनी दुल्हन को घर ले गए।

**बराही धाम पर दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव भगवती जागरण के साथ संपन्न**

# वैदिक मंत्रोचार के साथ धार्मिक अनुष्ठान, लगे जय श्रीराम के जयकारे

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के चर्चित बराही धाम परिसर में शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट व बराही धाम परिवार के सौजन्य से आयोजित दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव भगवती जागरण व भव्य भंडारे के साथ मंगलवार को कार्यक्रम संपन्न हो गया। सोमवार को धार्मिक अनुष्ठान के साथ वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा-अर्चना की गई। सुबह से धाम परिसर में श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ने लगी थी। लोग धाम परिसर स्थित शिव मंदिर, देवी मंदिर में पूजा अर्चना की। लोगों ने जय श्रीराम जय हनुमान की उदघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय माहौल बना रहा। लोगों की देर रात आने का सिलसिला जारी रहा। वहीं रात्रि में भगवती जागरण का अयोजन किया गया था, जिसका शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा अतिथियों व कलाकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत झारखंड के बराही धाम के यूवा भोजपुरी गायक मनीष यादव ने वंदना गीत प्रस्तुत कर किया। वहीं बिहार के मशहूर भोजपुरी गायक दीनदयाल बंधु और अक्षरा गुप्ता ने एक से बढ़ एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंगलवार की सुबह आरती पूजा अनुष्ठान के साथ भव्य भंडारा का अयोजन किया गया। जहां करीब पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। मालूम हो कि बराही धाम परिसर में स्थित दक्षिणमुखी हनुमान जी 105 फीट प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 7 मई 2022 में भारत वर्ष के महान संत जगदगुरू सुंदर राज स्वामी जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ था। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट और बराही धाम परिवार के लोग काफी सक्रिय थे।

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,**
**निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004**
**E-mail : ceocomputercell1@gmail.com**

**आम सूचना**

लोकसभा निर्वाचन -2024 के सफल संचालन हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के कार्यालय में राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। यही व्यवस्था सभी जिलों में भी की गयी है।

**राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष**

TOLL FREE
Tel.: 0651-2440020/ 0651-2440022/ 0651-2440023/ 0651-2440024
Toll Free Number No.- 1800-331-1950, Voter Helpline Number- 1950

**जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष**

| क्रम सं0 | जिला | | सम्पर्क दूरभाष |
|---|---|---|---|
| 1. | साहेबगंज | - | 06436-356485, 06436-222101 |
| 2. | पाकुड़ | - | 06435-222064, 9262216191 |
| 3. | दुमका | - | 06434-295042 |
| 4. | जामताड़ा | - | 06433-222004, 06433-222006, 06433-222007 |
| 5. | देवघर | - | 06432-275733, 1800-345-0733 |
| 6. | गोड्डा | - | 06422-222002 |
| 7. | कोडरमा | - | 06534-252219 |
| 8. | हजारीबाग | - | 06546-265233 |
| 9. | रामगढ़ | - | 06553-261417, 06553-261427 |
| 10. | चतरा | - | 06541-253219 |
| 11. | गिरिडीह | - | 06532-228829, 9693143157 |
| 12. | बोकारो | - | 06542-242402, 06542-221125 |
| 13. | धनबाद | - | 03262-222045 |
| 14. | पूर्वी सिंहभूम | - | 06572-440111, 0657-2221718, 06572-221717 |
| 15. | सरायकेला खरसावां | - | 1800-345-6485, 1800-345-6484, 1800-345-6483 |
| 16. | पश्चिमी सिंहभूम | - | 06582-296128 |
| 17. | रांची | - | 8987790664, 9798300836 |
| 18. | खूँटी | - | 06528-221755, 9262998530 |
| 19. | गुमला | - | 06524-223686 |
| 20. | सिमडेगा | - | 06525-299908 |
| 21. | लोहरदगा | - | 06526-224014 |
| 22. | लातेहार | - | 06565-247981 |
| 23. | पलामू | - | 06562-230003, 06562-222295, 06562-230002 |
| 24. | गढ़वा | - | 06201-261084 |

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आदर्श आचार संहिता /निर्वाचन व्यय सम्बन्धी उल्लंघन की घटना तथा अन्य शिकायत एवं जानकारी हेतु उपर्युक्त दूरभाष /टॉलफ्री नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें

Voter Helpline | cVIGIL | Saksham-ECI | KYC-ECI

(के0 रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव।

# इस बार दिन भर मतदान

PR No. 324540 (Election) 2024-25

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

18वीं लोकसभा चुनाव में अपने पास- पड़ोस के मतदाताओं को नजदीक के मतदान केंद्र पर वोट देने के लिए जागरूक करें।

**राकेश कुमार सिंह, नगर प्रबंधक, नगर पंचायत, हुसैनाबाद, पलामू ।**

# मतदाता अपने साथ दूसरे को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें: आयुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के निमित्त बृहत स्तर पर चलाई गई सोशल मीडिया महाअभियान 'मैं भी हूं इलेक्शन एम्बेसडर का हिस्सा' प्रमंडलीय आयुक्त बालकिशुन मुंडा भी बने। आयुक्त श्री मुंडा ने सोशल मीडिया एकाउंट पर फोटो शेयर कर कहा कि हर मतदाता इलेक्शन का ब्रांड एम्बेसडर है, इसलिए सभी मतदाता इस अभियान में अपनी सहभागिता निभाएं। आयुक्त ने सभी मतदाताओं और खाशकर नए मतदाता से चुनाव के दिन बढ़चढ़ कर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपका एक वोट लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाती है इसिलए मतदान करना न भूलें। आप अपने साथ दूसरे लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

## बारेसाड़ रेंज में 24 घंटे के भीतर दो जगहों पर आग लगी



**मेदिनीनगर।** मंगल की शाम पीटीआर के बारेसाड़ रेंज में 24 घंटे में दो अगलगी की घटना घटी । प्रभारी वनपाल परमजीत तिवारी ने बताया कि पहली घटना द्वारसैनी घाटी के पास हुई। जिसे कड़ी मशक्कत के बाद बुझा दिया गया। मंगल को दिन को 10:30 बजे फिर बारेसाड रेंज के चेतना के इलाके में जंगल की आग लगी। इस आग में आधा हेक्टेयर जंगल झाड़ को काफी नुकसान पहुंचा इस आग में किसी भी वन्य प्राणी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है । इन दोनों आग की घटनाओं पर काबू पा लिया गया है।

# बाघ होने की थी शंका, लेकिन वहां लकड़बग्घा मिला

**चार से पांच किलोमीटर की दूरी पर बाघ की है मौजूदगी**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के गारु पूर्वी रेंज में बीती रात गारु पूर्वी रेंज के गांव कोटाम के एकग्रामीण संतोष सिंह ने गारु पूर्वी के रेंजर उमेश दुबे को रात के लगभग 10 बजे फोन करके बताया कि कोटाम गांव के एक ग्रामीण कमरुद्दीन मियां के घर के बाड़ी में एक बाघ आ कर छुप गया है। इस खबर ने पलामू टाइगर रिजर्व के रेंजर की नींद उड़ा दी। रेंजर ने तत्काल पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक कुमार आशीष को सूचना दी। यह सूचना बहुत ही घबरा देने वाली थी। आशीष ने बताया कि की सूचना के बाद कोटाम के ग्रामीणों को सख्त हिदायत दी गई कि जितना जल्द हो सके अपने-अपने घरों में लौट जाएं और दरवाजे और खिड़की बंद कर दें। कोटाम से वन रक्षकों की टीम कैमरा ट्रैप लेकर कमरुद्दीन मियां के घर के पास भेजा गया। पलामू टाइगर रिजर्व के गारु पूर्वी एक अधिकारी और कर्मी और डाल्टनगंज में स्थित पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल के उप निदेशक कुमार आशीष मिनट मिनट सेल फोन से कोटाम के हाल पर नजर बनाए रखा। सुबह में पाया गया कि कमरुद्दीन मियां के घर की बाड़ी में छिपा हुआ प्राणी बाघ नहीं, बल्कि लकड़बग्घा था। उसके स्पष्ट पद चिन्ह मिले, लेकिन चार से पांच किलोमीटर की दूरी पर बाघ की मौजूदगी थी, क्योंकि उसने एक काले भैंसे को अपना शिकार बना रखा था। वहां पर पलामू टाइगर रिर्जव के कर्मियों ने कैमरा ट्रैप लगा दिया । इस कैमरा ट्रैप में बाघ की तस्वीर भी आ गई और भैंस जिसका शिकार किया था उसे खाते हुए भी पाया गया। कुमार आशीष ने लोगों से अपील की है कि वह सतर्क रहें। रात में इस बात का ख्याल रखें कि वह अकेले ना निकले ,क्योंकि वन्य प्राणी चाहे वह बाघ, हाथी, भालू , लकड़बग्घा कभी भी कहीं भी हो सकता है।

## आविनाश देव राजाराम सोरेन के श्राद्धकर्म में नेमरा पहुंचे, हेमंत सोरेन से की मुलाकात

**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय के चैयर मैन अविनाश देव दिशोम गुरु शिबू सोरेन के भाई राजाराम सोरेन के श्राद्धकर्म में उनके पैतृक गांव नेमरा पहुंचे। वहां पूर्व सीएम हेमंत सोरेन पैरोल पर जेल से बाहर आए और अपने चाचा के श्राद्धकर्म में शामिल हुए। देव पूर्व सी एम हेमंत दा से मिले और कुशल क्षेम जाना। साथ ही दिवंगत राजाराम सोरेन की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ में पलामू झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी ने पूरे कार्यक्रम में सिद्दत से साथ निभाया।

## एक नजर

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय लक्सेरा के शिक्षक की आकस्मिक मौत

**हुसैनाबाद।** सुदूरवर्ती क्षेत्र महुदंड पंचायत अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लक्सेरा के सहायक अध्यापक अवध किशोर राम की मौत हो गई। मेदिनीनगर में चुनाव प्रशिक्षण लेने के दौरान उनकी तबीयत खराब हो गयी थी। रिम्स ले जाने के दौरान उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 5 मई को अवध किशोर राम मेदिनीनगर के हेरिटेज स्कूल में लोकसभा चुनाव का प्रशिक्षण प्राप्त करने गए थे। वहां अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। शिक्षकों ने उन्हें तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रिम्स रांची रेफर कर दिया। रांची जाने के क्रम में रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी। शिक्षकों ने बताया कि समयानुसार प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर अवध किशोर राम अपना मतदान देने के लिए लंबी कतार में खड़े थे।तभी अचानक उल्टी होने के बाद वह अचेत होकर गिर पड़े। शिक्षकों ने परिजनों को सूचना दी और अस्पताल में भर्ती कराया। सहायक अध्यापक की आकस्मिक मौत पर आंकलन सफल सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा हुसैनाबाद ने गहरा दुःख प्रकट किया है तथा परिवार के एक सदस्य को नौकरी और उचित मुआवजा देने की मांग चुनाव आयोग व पलामू उपायुक्त से की है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में संघ के प्रखंड अध्यक्ष अभिषेक शर्मा,मीडिया प्रभारी अनिल कुमार, अविनाश सिन्हा,रजनीश कुमार,अभय राम, बलिराम यादव,पप्पू पासवानउपेंद्र ठाकुर समेत कई अन्य शिक्षकों का नाम शामिल है।

### सड़क की स्थिति दयनीय, लोग परेशान

**मेदिनीनगर।** स्थानीय बाईपास रोड से सटे मुहल्ले सुरभी नगर से गायत्री मंदिर रोड जाने वाली सड़क की स्थिति पूरी तरह दयनीय हो गई है। इस मार्ग पर कई गड्ढे हो गये हैं। इस गड्ढे में गिर कर लोगों का हाथ पैर टूटने की पूरी आशंका है। साथ ही इस मार्ग पर आगे पानी निकासी की कोई भी व्यवस्था नहीं है। इस कारण घर की नालियों का पानी सड़क पर इकट्ठा हो जाता है। गर्मी के कारण अभी पानी सूख जाता है लेकिन बरसात इस मार्ग से दो पहिया या चार पहिया और पैदल निकलना मुश्किल है। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार प्रशासन से गुहार लगाने के बावजूद स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है।

### 'मैं भी इलेक्शन एंबेसडर' कार्यक्रम तहत छाता का वितरण

**मेदिनीनगर।** 'मैं भी इलेक्शन एंबेसडर' कार्यक्रम अंतर्गत मंगलवार को शाम 6 बजे मेदिनीनगर शहर के छः मुहान पर मेदिनीनगर निगम की ओर से ऑटोचालकों, फेरीवालों, सब्जी दुकानदारों व ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के बीच गर्मी के मद्देनजर छाता का वितरण किया गया। वितरण किये गये छाते पर मैं भी इलेक्शन एम्बसडर',सहित अन्य प्रकार के मतदाता जागरूकता संदेश लिखा गया था। इसी तरह छः मुहान पर लगने वाले विभिन्न दुकानदारों के बीच मैं भी इलेक्शन एम्बसडर' का बैच वितरण करते हुए उनसे आगामी 13 मई को मतदान करने की अपील की गयी। इस कार्यक्रम में मेदिनीनगर नगर निगम के प्रधान सहायक धीरज,सिटी मिशन मैनेजर सतीश सहित अन्य निगमकर्मी उपस्थित रहे।

# सास और देवर ने पीटकर किया महिला को घायल, स्थिति गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के सतेंद्र पासवान की पत्नी उर्मिला देवी उम्र 25 वर्ष को सास सुसीला कुंवर और देवर विशाल पासवान ने सोमवार की सुबह पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में घायल उर्मिला देवी ने बताया कि सोमवार की सुबह किसी बात को लेकर उसे अपने सास सुशीला कुंवर से बहस हो गया। इसी बहस को लेकर सुशीला कुंवर और देवर विशाल पासवान उसे पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके पास परिजनों के द्वारा घायल उर्मिला देवी को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। महिला ने यह भी बताया कि पिछले बार भी सास के द्वारा मेरे साथ मारपीट की गई थी। उस समय मेरे सिर में 14 टांके लगे थे, परंतु मामला आपस में सुलझा लिया गया था। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर उर्मिला देवी के माता-पिता सदर अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में उर्मिला का इलाज करवा रहे है। इस घटना के बाद परिजनों के द्वारा घटना से सम्बन्धित जानकारी चैनपुर थाना की पुलिस को दे दी गई है। जानकारी मिलने पर पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। उस पर केस कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

> महिला ने यह भी बताया कि पिछले बार भी सास के द्वारा मेरे साथ मारपीट की गई थी। उस समय मेरे सिर में 14 टांके लगे थे, परंतु मामला आपस में सुलझा लिया गया था।

## पुस्तकालय के सदस्यों ने मतदाता जागरूकता अभियान में लिया भाग

**मेदिनीनगर।** सोबरन मांझी जिला पुस्तकालय में अध्ययन कर रहे सदस्यों ने लोकसभा चुनाव 2024 'सोशल मिडिया अभियान' के तहत अभियान चलाया। साथ ही हर मतदाता इलेक्शन का ब्रांड एम्बेसडर है' एवं मतदान करने को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए पोस्टर, रंगोली बना कर इस अभियान में भाग लिया। पुस्तकालय के सदस्यों ने विभिन्न तरीकों से पोस्टर एवं रंगोली बना कर लोगों में चुनाव को लेकर जागरूकता फैलाने का प्रयास किया।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदान करने का लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के नागरिक सहायता केंद्र के द्वारा अवसाने पंचायत के गांव में मनरेगा मजदूरों के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान दुबा, खपिया, और अवसाने गांव में मनरेगा कानून की जानकारी देते हुए मतदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही लोगों ने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुबा के मतदान बूथ नंबर 151 पर 13 मई को मतदान करने का संकल्प लिया। संकल्प लेने के साथ ही साथ 21 मजदूर ने ग्राम संगठन की सक्रिय महिला सुषमा देवी के पास काम के डिमांड का आवेदन जमा किया। काम का डिमांड करने वाले मजदूरों में चार पुरुष एवं 17 महिला मजदूरों ने काम के डिमांड का आवेदन जमा किया है। मतदाता एवं मनरेगा जागरूकता कार्यक्रम का संचालन एनएसके जिला समन्वयक जिलानी फैयाज एवं एनएसके फेलो पूनम देवी संयुक्त रूप से कर रहे थे। साथ ही महिला संगठन के महिला संगठन के सुषमा देवी, मनोरमा देवी, शारदा देवी, सरिता देवी, संजू देवी, बिंदु देवी, नीरज देवी, पार्वती देवी, प्रभादेवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# न्याय रथ पहुँचा पोलपोल, ग्रामीणों ने आवास पेंशन मुआवजा आदि समस्याओं को रखा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में मंगलवार को सदर प्रखंड के पोलपोल बाजार में चलन्त लोक अदालत सह न्याय रथ पहुँचा। इसके तहत लोगों को कानूनी जानकारी के अलावे जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा उपलब्ध पंपलेट, कानूनी पुस्तक आदि का वितरण किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों ने आवास, वृद्धावस्था पेंशन ,राशन कार्ड, चापानल व मुवावजा भुगतान नहीं किए जाने से सम्बंधित समस्याओं को रखा। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट पुष्कर राज ने कहा कि चलन्त लोक अदालत का आयोजन एक मई से आरंभ किया गया है। इसके तहत गांव-गांव में जाकर लोगों को कानून के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही सरकार द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की जानकारी दी जा रही हैं, ताकि लोग जागरूक होकर अपना हक अधिकार प्राप्त कर सके। राज ने लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति केस लड़ने से वंचित नहीं रहेगा । लीगल एड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से लोगों को मुफ्त केस लड़ा जा रहा है। साथ ही डालसा के द्वारा कई स्कीम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित प्रतिकर अधिनियम के तहत मुआवजा राशि प्रदान किया जा रहा है। इस मौके पर नई दिशाएं के सचिव इन्दु भगत ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत मध्यस्तता, लोक अदालत ,विधिक जागरूकता शिविर आदि का आयोजन किया जाता है। इससे लोगों में काफी जागरुकता आयी है।

### एससी-एसटी, दिव्यांग, महिला आदि को मुफ्त वकील उपलब्ध कराया जाता है

पुष्कर राज कहा कि जिनकी आमदनी तीन लाख सालाना से कम है ,प्राकृतिक आपदा से ग्रसित है, दिव्यांग है, एसी- एसटी परिवार से आते हैं, महिला हैं, कारा में बंद है, बच्चे हैं ,ऐसे लोगों को मुफ्त विधिक सहायता उपलब्ध करायी जाती है, जिसके तहत केस लड़ने के लिए मुफ्त वकील उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही कोर्ट फीस माफ किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज न्याय आपके द्वारा पहुंचा है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की समस्या हो तो आप जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में एक सादे कागज पर आवेदन दे सकते हैं। जिस पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। इस मौके पर ग्रामीणों ने चलंत लोक अदालत में कई समस्याएं रखी। साथ ही ग्रामीणों का आवेदन लिया गया। इस मौके पर पीएलभी विजय कुमार ,सुचिता एक्का समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

**इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम व सीएपीएफ को ठहरने के लिये विद्यालयों का निरीक्षण**

# सभी स्थानों पर एएमएफ की सुविधाओं को हर हाल में बहाल रखने के निर्देश

**बूथों पर पेयजल व धूप से मतदाताओं के बचाव को लेकर टेंट लगाने के निर्देश**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को सीएपीएफ को ठहारने के लिये चयनित राजमाता प्रफुल मंजरी उच्च विद्यालय व केंद्रीय विद्यालय चैनपुर का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने केंद्रीय विद्यालय के आसपास फैले झाड़ियों को साफ-सफाई करने पर बल दिया।वहीं राजमाता प्रफुल मंजरी उच्च विद्यालय में भी सभी सुविधाओं को दुरुस्त करने को लेकर चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया।इसके बाद उन्होंने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के लिये चिन्हित सदगुरु प्रताप हरि+2 उच्च विद्यालय का भी जायजा लिया।उन्होंने चैनपुर बीडीओ से रिजर्व ईवीएम मशीन को सुरक्षित रखने के लिए बनाई गई इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम से मतदान केंद्रों की दूरी एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रंजन ने चैनपुर के बीडीओ को सदगुरु प्रताप हरि+2 उच्च विद्यालय व मतदान केंद्र संख्या 118 व 119 को मॉडल बूथ बनाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही सभी बूथों में एएमएफ के तहत सभी सुविधाओं को अनिवार्य रूप से बहाल करने के निर्देश दिये।इस दौरान विशेष कर पेयजल की सुविधा व धूप से बचने हेतु टेंट लगाने पर बल दिया।निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त व चैनपुर सीओ उपस्थित रहे।

# तीन महिला सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने पोस्टल बैलट से मत दिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आज पलामू जिले के तीन महिला सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने पोस्टल बैलट से अपनी मताधिकार का प्रयोग किया। यह तीन स्वास्थ्य अधिकारी हुसैनाबाद अनुमंडल में पद स्थापित है। इन तीनों के नाम हैं नेहा किंडो, स्नेहा कुमारी और सुमाति कुमारी। नेहा कुमारी डंगवार में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी है। ठीक इसी तरह से कामगारपुर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर में स्नेहा कुमारी पद स्थापित है। वही सुमाति कुमारी लोटनिया में पद स्थापित है। ये तीनों महिला समुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अपने जीवन का पहला पोस्ट मतदान किया। यह बहुत खुश थी और उत्साहित थी। नेहा किंडो ने बताया कि आज वह किस कदर उत्साहित है बयां नहीं कर सकती है। उन्होंने बताया कि इससे पहले उन्होंने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान किया था, लेकिन आज 6 दिन पहले उन्होंने पोस्टल बैलट से अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। ज्ञात हो कि पलामू लोकसभा सीट के लिए 13 मई को मतदान होना है।

## न्यूज बॉक्स

### वन विभाग ने सोंस जंगल से अवैध लकड़ियों को किया जब्त, दो के खिलाफ मामला दर्ज



**पांकी।** प्रखंड के होटाई पंचायत अंतर्गत सोंस के जंगलों से भारी मात्रा में काटे गए बेशकीमती लकड़ियों को वन विभाग की टीम ने जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंदरी वन क्षेत्र पदाधिकारी उमेश दुबे के निदेर्शानुसार वन विभाग की टीम ने स्थल पर पहुंचकर सभी अवैध लकड़ियों को जब्त करते हुए इस मामले में संलिप्त सोंस गांव निवासी फिरोज अंसारी और अन्य दो व्यक्तियों के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। सोंस गांव में अवैध रूप से लकड़ियों की कटाई कर इसकी तस्करी हेतु उसे जमा किया गया था, लेकिन मामले की जानकारी होने के तत्काल बाद वन विभाग की टीम ने सभी अवैध लकड़ियों को बरामद करते हुए उसे वन विभाग के कार्यालय ले गई। वहीं इसमें एक नामजद समेत दो अन्य लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। छापेमारी दल में वनपाल मुहाफिज अंसारी, वनपाल राम श्रेष्ठ कुमार, वनरक्षी सुहाना, सौरव टोप्पो, रंजीत कुमार व दीपक कुमार शामिल थे।

### वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने मतदान के लिए किया लोगों को जागरूक



**मेदिनीनगर।** लोकतंत्र के महापर्व चुनाव के मद्देनजर जनहित में सदैव सक्रिय संस्था वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट लगातार गांव गांव जाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक कर रहा है! इसी क्रम में सोमवार की शाम टीम वरदान कौड़िया पंचायत के लहसूनिया गांव पहुंची और वहां उपस्थित महिलाओं, बुजुर्गों एवं युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने कहा कि मतदान के लिए दिया गया आपका थोड़ा सा समय हमारे देश की दशा और दिशा तय करेगा । लक्ष्य श्रेष्ठ और मयूरेश द्विवेदी ने सभी युवाओं से अपील कीआपके सुनहरे भविष्य और मजबूत भारत के लिए आपका एक एक वोट कीमती है, इसलिए मतदान अवश्य करें। शर्मा ने अपने मताधिकार को सबसे बड़ा अधिकार समझते हुए सभी से वोटिंग करने की अपील की। इस अवसर पर शर्मिला वर्मा, सुमन शर्मा, मयूरेश द्विवेदी, लक्ष्य श्रेष्ठ, राकेश कुमार और रवि रौशन का उपस्थित थे।

## खेल-कूद

### वर्ल्ड किड्स एथलेटिक्स दिवस पर खिलाड़ियों ने दिखायी प्रतिभा

# बालक वर्ग में सुधाकर व बालिका में साधना पहले स्थान पर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में मंगलवार सात मई को जीएलए कॉलेज एथलेटिक्स स्टेडियम में वर्ल्ड किड्स एथलेटिक्स समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंडर 14 वर्ष आयु वर्ग में 60 मीटर दौड़, शॉट पुट थ्रो तथा अंडर 16 वर्ष आयु वर्ग में 300 मीटर दौड़, शॉट पुट थ्रो बालक/ बालिकाओ के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पलामू डाल्टनगंज के विभिन्न विद्यालय में जीजीपीएस स्कूल जमुना, विमला पांडे ज्ञान निकेतन स्कूल बेरिया, संत मरियम स्कूल डालटेनगंज, सनातन विद्या निकेतन रेहला, गिरवर स्कूल डालटेनगंज, प्लस टू ब्राह्मण उच्च विद्यालय, कैंब्रिज पब्लिक स्कूल ग्रीन वैली स्कूल डालटेनगंज के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पलामू जिला खेल पदाधिकारी पलामू उमेश लोहरा थे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के वरीय उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे ,एथलेटिक्स; एसोसिएशन के अध्यक्ष अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा मौजूद थे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने 300 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रारंभ किया। प्रतियोगिता का संचालन एथलेटिक्स कोच रेशमा पांडे के नेतृत्व मोनू कुमार, रिया कुमारी, जीजीपीएस स्कूल के शारीरिक शिक्षक प्रीति कुमार,आर्य सिंह ने किया। बालकों की 300 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान सुधाकर मेहता, द्वितीय स्थान शुभम कुमार , तृतीय स्थान गोलू कुमार ने प्राप्त किया। वहीं बालिकाओं की 300 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान साधना कुमारी ने प्राप्त किया, जबकि तनु कुमारी ने द्वितीय और रूपाली यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। 60 मी बालकों की दौड़ में प्रथम स्थान प्रतीक कुमार उपाध्याय,द्वितीय विद्यासागर सिंह ,तृतीय स्थान राज सिंह ने प्राप्त किया है। 60 मी बालिका की दौड़ में प्रथम स्थान अपर्णा कुमारी ने और द्वितीय स्थान मिस्टी कुमारी ने वहीं, रिया कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है.। 16 वर्ष आयु वर्ग शॉट पुट थ्रो में बालक वर्ग में प्रथम स्थान विकास कुमार यादव ,द्वितीय स्थान राहुल कुमार ने और तृतीय ऋषि राज ने प्राप्त किया है। बालिका वर्ग में **शॉट पुट थ्रो में** प्रथम स्थान सुहानी सिंह, द्वितीय स्थान संध्या कुमारी और तृतीय स्थान पूजा कुमारी ने प्राप्त किया हे। 14 वर्षीय बालक आयु वर्ग के शॉट पुट थ्रो में प्रथम स्थान आयुष कुमार ने , द्वितीय स्थान प्रतीक पांडे ने और तृतीय स्थान सनातन विद्या निकेतन रेहला के प्रिंस कुमार ने प्राप्त किया। **बालिका वर्ग शॉट पुट थ्रो में** प्रथम प्रकृति तिर्की, द्वितीय खुशबू कुमारी, तृतीय मानसी सिंह। पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वर्ल्ड किड्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता अब प्रत्येक वर्ष 7 मई को मनाया जाएगा। सभी विजेता खिलाड़ियों को खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा , पलामू जिला ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे, पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने विजेता मेडल देकर सम्मानित किया।

## एक नजर

### मवेशी चराते समय वज्रपात से मृत के आश्रित को मिली बीमा की राशि



**भवनाथपुर ।** भवनाथपुर प्रखंड अंतर्गत मकरी पंचायत के छावनी टोला निवासी स्वर्गीय शिवशंकर चंद्रवंशी का निधन विगत वर्ष वज्रपात से मवेशी चराते समय हो गयी थी। मृत्यु के पूर्व उन्होंने मकरी के सीएसपी संचालक सुरेश पाल के पास एसबीआई से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 20 रुपये वाला दो लाख का बीमा कराया था। उसका लाभ सुरेश पाल के अथक प्रयास से मंगलवार को आश्रित उनकी पत्नी सतवंती देवी को बैंक मैनेजर प्रवीण कुमार के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर सीएसपी संचालक सुरेश पाल, अजित चंद्रवंशी, राजेश मुंडा, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### एसबीएम भवनाथपुर नगरी में जन जागरण यात्रा की शुरुआत

**भवनाथपुर ।** झारखंड सरकार के आदेशानुसार भीषण गर्मी को देखते हुए कक्षा अरुण से अष्टम तक के सभी भैया- बहनों का पठन -पाठन स्थगित कर दिया गया है। परंतु सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य जी- दीदी जी सरस्वती जन-जागरण यात्रा के तहत गांव-गांव जाकर भैया-बहनों को एकत्रित कर शिक्षा देने का कार्य कर रहे हैं। विद्यालय से ऑनलाइन पढाई और यूनिट टेस्ट लिया जा रहा है। जिस अभिभावक बंधु के पास मोबाइल फोन की सुविधा उपलब्ध नहीं है या नेटवर्क नहीं रहता, वहां आचार्य जी- दीदी जी स्वयं जाकर भैया-बहनों को शिक्षा देने का कार्य कर रहे हैं। इस यात्रा से अभिभावक के साथ सम्पर्क और भैया-बहनों को शैक्षणिक लाभ प्राप्त हो रहा है।

### पुलिस ने भारी मात्रा में शराब बरामद की

**गढ़वा ।** गढ़वा थाना क्षेत्र के करुआ कला गांव से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब बरामद किया गया। साथ ही पुलिस ने करुआ कला गांव निवासी हेमंत तिवारी को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी केके साहू ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न जगहों पर अवैध शराब बिक्री के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया उस दौरान करुआ गांव से शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है।

### लकड़ी रखने को लेकर विवाद, एक को लाठी डंडे से पीटा, घायल

**गढ़वा ।** डंडा थाना क्षेत्र के छपरदगा गांव निवासी राजेन्द्र पाल मारपीट की घटना में घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घाट के संबंध में राजेंद्र पाल ने बताया कि हमारे घर के बगल में ही शंकर पाल घर बना रहा था। बाद जबरदस्ती हमारे लकड़ी को वह अपने कब्जे में लेकर अपने घर में रख दिया। जब इस बात का विरोध किया तो उसने लाठी-डंटे से मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों ने उठकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है।

## भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के पक्ष में 13 को करें मतदान : सत्येंद्र नाथ तिवारी



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा ।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के रामकंडा प्रखंड के उदयपुर पंचायत में पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय जनता दल के सैकड़ो लोगों को अपने हाथों से माला और भाजपा का पट्टा ओढ़ाकर भाजपा में शामिल करवाया एवं सभी को लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के पक्ष में 13 मई को अत्यधिक मतदान कर नरेंद्र मोदी के 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने में सहभागी बनने की नसीहत एवं प्रण दिलाया।

उन्होंने भाजपा में शामिल होने वाले सभी लोगों से अपने सगे संबंधी एवं पथ विचलित लोगों को भाजपा में मतदान करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश भी दिया। पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी जी की उपस्थिति में प्रेमनाथ यादव, जयप्रकाश यादव, जितेंद्र यादव, रूपम यादव, पप्पू यादव, आनंद यादव, अजीत यादव, मुन्ना यादव, डॉक्टर ओम प्रकाश यादव, जितेंद्र यादव, कृष्ण यादव, मिथिलेश यादव, लालू यादव, अशर्फी यादव, विश्वनाथ यादव, शिवनारायण यादव, कमेश यादव, अशोक यादव, राकेश यादव, नंदन यादव, शिवलाल यादव, हीरालाल यादव, विकास एवं रामलाल ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

### एक दर्जन लोग भाजपा में शामिल

**केतार।** प्रखंड के बलीगढ़ गांव में क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही के उपस्थिति में एक दर्जन लोगों ने झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं। इसकी जानकारी देते हुए भाजयुमा मंडल अध्यक्ष रवींद्र सोनी ने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, और विधायक भानु प्रताप शाही के कार्यों से प्रभावित होकर लोगों ने भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा में शामिल होने वाले अशोक ठाकुर, सीताराम गुप्ता, रविरंजन ठाकुर, चंद्रमणि सिंह, नन्हकू सिंह, विजय गुप्ता, राकेश ठाकुर छठन गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं डायलिसिस के मरीज

**गढ़वा ।** गढ़वा में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही रुकने का नाम नहीं ले रहा है। और उसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। गढ़वा सदर अस्पताल परिसर स्थित डायलिसिस सेंटर के दो मशीन पिछले कुछ महीनो से खराब पड़ा है। जिसका खामियाजा डायलिसिस करने वाले मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। मशीन खराब होने के कारण डायलिसिस करने आए हुए मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। डायलिसिस मशीन बंगाल के इस्कॉन संजीवनी नामक संस्था के द्वारा लगाया गया था। जिसकी लागत लगभग 60 लाख रुपए है। डायलिसिस मशीन से प्रत्येक दिन लगभग 10 से 12 मरीज का नियमित रूप से डायलिसिस होता था। उक्त डायलिसिस सेंटर में चार मशीन लगाया गया था। उसमें दो मशीन पिछले कुछ दिनों से खराब है। सिर्फ दो डायलिसिस मशीन से मरीज का डायलिसिस हो रहा है। बाकी मरीज को अपनी बारी का इंतजार में घंटो रुकना पड़ रहा है। टेक्नीशियन के माने तो एक मरीज के डायलिसिस में कम से कम 3 से 4 घंटा लगता है। ऐसे में डायलिसिस का संचालन 9 से 5 किए जाते हैं। ऐसे में कई मरीजों का डायलिसिस समय पर नहीं हो पा रहा है। कई डायलिसिस के मरीजों को तड़पते हुए देखा गया। स्वास्थ्य विभाग की इस लापरवाही पर डायलिसिस के मरीज ने आक्रोश व्यक्त किया है। डायलिसिस के मरीज बबलू पटवा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के इस लापरवाही के कारण किसी दिन कई मरीजा का जान चला जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस मरीज का समय 10:00 बजे निर्धारित किया जा रहा है। उस मरीज का डायलिसिस 3:00 बजे किया जा रहा है। इस संबंध में सिविल सर्जन अशोक कुमार ने कहा कि मामले की जानकारी सोमवार को मिली है। हमने टेक्नीशियन से बात किया है। जल्द ही खराब पड़े मशीन को दुरुस्त कराकर संचालित किया जाएगा।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वोटरों को किया गया जागरूक



### सशक्त लोकतंत्र निर्माण के लिए मतदान करें : बीडीओ

**केतार।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रखंड कर्मियों द्वारा पाचाडुमर गांव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस क्रम में लोक कला मंच के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। कलाकारों ने बहकावे में तुम कभी नहीं आना, सोच समझकर बटन दबाना, छोड़कर अपने सारे काम, चलों करें पहले मतदान, वोट देना गर्व है, जानता का यह पर्व है का संदेश नाटक के माध्यम से दिया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने आम लोगों को 13 मई को अपने नजदीकी के मतदान केंद्र पर जाकर अपने मत अधिकार का प्रयोग कर सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का अपील की। इस मौके बीपीआरओ सुरेश राम, बीपीओ दीपक जयसवाल, प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार, पंचायत सचिव आयुषी चौबे, आदित्य कुमार, रोजगार सेवक पंकज सिंह, मुखिया श्याम सुंदर बैठा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## गढ़वा पुलिस ने एक घर में की छापेमारी परिजनों ने लगाया लूटपाट का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा ।** गढ़वा सदर थाना क्षेत्र के मेन रोड में विराट रेस्टोरेंट के संचालक के घर में रात्रि में हुई छापेमारी के दौरान चोरी का मामला प्रकाश में आया है। उक्त मामले में भुक्त भोगी पिंकी केसरी ने गढ़वा थाने में ऑनलाइन प्राथमिक दर्ज कराई है। उक्त प्राथमिक में उन्होंने कहा है कि 6 में को रात्रि करीब 10:30 बजे उसके आवास पर गढ़वा थाना प्रभारी केके साहू एवं ए एस आई अभिमन्यु सिंह सहित पुलिस बल के जवान के अंदर छत के सहारे घुस गए। दरवाजा को तोड़ते हुए घर के अंदर घुस गए जैसे ही इसकी भनक मिली हम सभी परिवार वाले डर गए हैं। और शोर मचाने लगे हैं। तभी ए एस आई अभिमन्यु सिंह दरवाजा पीटते हुए दरवाजा खोलने की बात कहीं। उस दौरान घर में महिला एवं बच्चे थे। उसे दौरान सभी काफी दहशत में हो गए। उसने कहा कि घर के सभी बेडरूम में जाकर अलमीरा व पलंग को खुलवाया उसने बताया कि उसके घर से मंगलसूत्र, हार, चैन, लेडीज, अंगूठी, तीन तल्ला, झुमका, टॉप, नथिया 25 ग्राम का चैन सहित 72000 नगद गायब हो गया। उक्त महिला ने कहा कि इसकी सूचना अभिमन्यु सिंह को फोन पर दिया गया। कि मेरे घर से जेवर गायब है। तो उन्होंने फोन काटते हुए कुछ जवाब नहीं दिया। उसने बताया कि ए एस आई



अभिमन्यु सिंह के द्वारा किसी के घर में रात्रि के समय में छापेमारी किया जाना और उस समय महिला पुलिस कांस्टेबल नहीं रहना यह गैर कानूनी कार्य है। उन्होंने इस मामले को उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की है। अभिमन्यु सिंह सहित पुलिस के जवान पर प्राथमिक की दर्ज कराई है। उक्त मामले में पुलिस अधीक्षक दीपक पांडे ने बताया कि पुलिस जवानों के द्वारा किसी के घर में चोरी वह लूटपाट किए जाने से संबंधित जानकारी नहीं है। और ना ही प्राथमिक की दर्ज कराया गया है। मामले की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

## बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसानों में मायूसी



**रमना ।** बेमौसम वर्षात से एक ओर जहां भीषण गर्मी और लू से क्षेत्र वासियों को राहत मिली और बड़े-बड़े बर्फबारी से शिमला श्रीनगर का वादियों जैसा नजारा से युवा बच्चों में कौतुहल भर दिया, कुछ युवा यह कहते हुए भयभीत और हर्षित थे की इस उम्र में ऐसी बर्फबारी का नजारा याद में पहली बार देखा ऐसा नजारा जो हमने केवल शिमला मनाली के लिए सुना है की वहां बर्फबारी से सड़के और घर पूरी तरह ढक जाते और चारों तरफ चांदी के परत जैसे नजारा हो जाते है। मंगलवार को रमना प्रखंड में अचानक हुए पानी और ओलावृस्टि से किसानों की फसलो को भारी नुकसान हुआ और इस वर्ष वर्षात में भी कम वर्षा होने का अनुमान किसान लगा रहे है की बिन मौसम बरसात होने से वर्षा के मौसम में वर्षात कम होगा जिससे खरीफ का फसल प्रभावित होगा। ग्राम सिलिदाग के किसान संजय कुमार इस सम्बन्ध में बताये की इस प्रकार हुए वर्षा और ओलावृस्टि से मुंग फसल को छती हुआ और महुआ फल डोरी भी समाप्त हो गया, रबी फसल काटने के बाद ऐसा बर्फबारी हुआ यदी पहले हो जाता तो हम किसानों को भारी नुकसान होता। प्रदीप कुमार सिंह दूधवनिया निवासी बताये की बटाईदार द्वारा पांच कट्ठा में करैला सब्जी का खेती किया गया था फूल और भतीया से खेत भरा हुआ था भारी ओलावृस्टि से सब चौपट हो गया। सुबीर कुमार बताये की असमय हुयी बारिस से बीमार होने का खतरा बढ़ गया, ऐसे मौसम में खान-पान में विशेष ध्यान की जरुरत है।

## विधायक ने चुनाव में एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी(गढ़वा) ।** भवनाथपुर विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने मंगलवार को खरौंधी प्रखंड के कूपा, अरंगी, सिसरी आदि पंचायतों में बूथ स्तरीय कार्यकताओं के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव पर चर्चा किया। आज सुबह विधायक भानू प्रताप शाही कूपा पहुंचे। कूपा चौपाल में भाजपा के सभी कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक किया। इसके पश्चात अरंगी, सिसरी एवं खरौंधी पंचायत के लिए प्रस्थान कर गए। उक्त पंचायतो में विधायक भानू प्रताप शाही ने लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने को लेकर मतदाताओं, पंचायत स्तरीय कार्यकताओं, बूथ अध्यक्ष के साथ रणनीति तैयार किया। इसके अलावे विधायक भानू प्रताप ने प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा किये गए कार्यों एवं उपलब्धि को गिनाते हुये 13 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता सह लातेहार प्रभारी भगत दयानंद यादव, रामकृपाल दुवे, मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री इग्नासुस बाड़ा, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, विनोद कुमार चौधरी, प्रखण्ड संयोजक विनोद कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, सुनील कुमार द्विवेदी, सतेंद्र प्रसाद यादव, सुनील रोशन,रामप्रीत गुप्ता कलामुद्दीन अंसारी, राजेश गुप्ता, बुद्धनाथ गुप्ता,रामनाथ बैठा, अवध कुमार मेहता, पूर्व उपप्रमुख विवेकानन्द यादव, बैजू गुप्ता, सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता व नेता उपस्थित थे।



## जीएन कॉन्वेंट में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

# मतदान नागरिक का अधिकार और कर्तव्य है : बसंत ठाकुर







नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा ।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट(10+2) स्कूल में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुए मतदाताओं को संविधान प्रदत मताधिकार का उचित प्रयोग हेतु, मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं सहित शिक्षक शिक्षकेत्तर भी हर्ष पूर्वक भाग लिए। इस दौरान छात्र छात्राओं ने मनमोहक क्रिया कलापों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलित रूप से भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि व्यक्ति को अपने देश के प्रत्येक चुनाव में भाग लेने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। क्योंकि देश के प्रत्येक नागरिक का मत ही देश के भविष्य की नींव बनाता है। मतदान नागरिक का अधिकार है, साथ यह एक कर्तव्य भी है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार देते हैं। एक मतदान से सरकार बदल सकती हैं देश का विकास हो सकता। है और समाज में बदलाव आ सकता है। मत दान के माध्यम से हम समाज में सकारात्मक बद?लान ला सकते हैं। हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में किस तएह का हमारे देश में महिलाओं, बच्चों और दलितों के अधिकारों की रक्षा है। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मतदान का प्रयोग करें और समाज में सार्थक बद?लाव लाए । छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए चित्र-कला, रंगोली, कविता वाचन, श्लोगन लेखन, निबंध लेखन और भाषाण अत्यन्त ही सार गर्भित एवं प्रशंसनीय रहा।उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को निदेशक द्वारा गया पुरस्कृत किया किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक वीरेन्द्र साव, खुर्शीद आलम, अभिषेक पांडेय, नीरा शर्मा, सरिता देवी रिजवाना शाहिन, सुषमा तिवारी, सुनिता कुमारी, निलम कुमारी शिवानी कुमारी, सुस्मिता कुमारी, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही। पुरस्कार विजेता में रानी केशरी, मुस्कान, आकृति कुमारी, आर्या, आस्था, रिबिका, गोविन्द आदि मुख्य रूप से अव्वल रहे।

## इंडी प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष मे चलाया गया जनसंपर्क अभियान



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** चतरा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इंडिया गठबंधन के नेताओ ने प्रखंड के नगर, कुरामु, एरुद, सेरक, निंद्रा, बारी, सासंग आदि गांव का दौरा किया। इस दौरान गठबंधन दल के नेताओं ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में लोगों ने भाजपा को उम्मीदों के साथ वोट दिया था लेकिन भाजपा ने सभी के सपनों और उनके उम्मीदों को चकनाचूर कर रख दिया। विकास के मामले में चतरा लोकसभा क्षेत्र काफी पीछे रह गया है। उन्होंने लोगों से महागठबंधन उम्मीदवार केएन त्रिपाठी को वोट करने की अपील की। जनसंपर्क अभियान में कॉंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू, मनोज चौधरी, बजरंगी सिंह, रशीद खान, झरी उरांव, हातीम मिया, संजय गोप, रमेश टाना भगत, ईश्वर टाना भगत, रूपनी देवी, माधुरी देवी, अर्जुन लोहरा, सुरेश भगत, धनराज यादव आदि शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### खरौंधी में चला सोशल मीडिया कैंपेन



**खरौंधी।** झारखंड सरकार, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) तथा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निदेर्शानुसार, लोकसभा चुनाव 2024 के लिए ह्यमैं भी इलेक्शन एम्बेसडर अभियानह्न में खरौंधी प्रखंड के सभी विद्यालयों के शिक्षक, छात्र, बीएलओ, साक्षरता कर्मी, युवा नवजवान सहित विभिन्न संस्थानों के लोगों ने सोशल मीडिया पर कैंपेन किया।। इस दौरान छात्रों सहित कई लोगों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे प्लेकार्ड मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, कविता लेखन, ड्राइंग प्रतियोगिता आदि में भाग लिया। छात्रों ने स्कूल के आस-पास रहने वाले लोगों के बीच लोकसभा चुनाव 2024 के लिए जागरूकता पैदा करने के लिए आयोजित रैली में भी भागीदारी लिया एवं उक्त कार्यक्रम का फोटो निर्वाचन आयोग को टैग करते हुए इंस्टाग्राम, फेसबुक, एक्स प्लेटफार्म पर अपलोड करने हुए मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को 13 मई को शतप्रतिशत करने को लेकर सोशल मीडिया पर यह अभियान चलाते हुए लोगों में जागरूकता पैदा की गई।

### भाजपा के चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**श्रीबंशीधरनगर ।** पुराना स्टेट बैंक के सामने सोमवार की शाम भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा स्तरीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन विधायक भानु प्रताप शाही ने फीता काटकर किया। मौके पर विधानसभा प्रभारी ओमप्रकाश केशरी,अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष शिवधारी राम, जिला महामंत्री विकास स्वदेशी,उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी, शहरी मण्डल अध्यक्ष कुमार कनिष्क,ग्रामीण अध्यक्ष विकास पांडेय,अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि सह ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता,युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश कुमार चौबे, विधायक प्रतिनिधि लालमोहन यादव,विभूति भूषण चौबे,अशोक सेठ,जिला कार्य समिति सदस्य लवली आनन्द,संजय कसेरा,मिथिलेश पासवान,रामदत्त चौबे,विवेकानंद पांडेय, धर्मन यादव, इसराइल अंसारी,सोहराई चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

### बीडीओ ने वॉलेंटियर्स के साथ की बैठक



**खरौंधी(गढ़वा) ।** लोकसभा आम चुनाव में शतप्रतिशत मतदान को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में प्रखण्ड सभागार में सभी वोलेंटियर्स के साथ बैठक किया गया।बीडीओ रविन्द्र कुमार ने बताया की निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सभी मतदान केंद्रों पर मतदान के दिन दो दो वोलेंटियर्स रखने का निर्देश प्राप्त है।उक्त वोलेंटियर्स जिनकी आयु 14 से 17 वर्ष है एवं वह मतदाता नही है।मतदान के दिन कतार प्रबंधन, बुजुर्ग ,दिव्यांग,एवं शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को सहयोग करेंगे।साथ ही हेल्प डेस्क पर बीएलओ की भी सहयोग करेंगे।साथ ही वोलेंटियर मतदान केंद्रों पर व्हीलचेयर के इंचार्ज भी रहेंगे जिन्हें व्हीलचेयर की आवश्यकता होगी उन्हें उपलब्ध कराएंगे।उक्त कार्यो को प्राथमिकता के आधार आप करने हेतु सभी वोलेंटियर्स के साथ बैठक कर उन्हें प्रशिक्षित किया गया।ताकि वे अच्छे से मतदाताओं के साथ व्यवहार करते हुए उन्हें मतदान केंद्रों पर चिकित्सा, कतारबद्ध, पानी एवं अन्य आवश्यक सहयोग प्रदान कर सके। मौके पर बीपीआरओ उमेश कुमार, अमर कुमार सोनी, लवकुश प्रजापति, गुलाब पासवान, असलम अंसारी, वोलेंटियर्स रंजन उरांव, रोहित गुप्ता, प्रकाश गुप्ता सहित सभी मतदान केंद्रों के वोलेंटियर्स उपस्थित थे।

### उप स्वास्थ्य केंद्र के डिलीवरी रूम और मेडिकल रूम में ताला बंद, परेशानी



**केतार।** प्रखंड के राजघाट स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केन्द्र)में कधवन उप स्वास्थ्य केन्द्र की एएनएम बबिता कुमारी को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। लेकिन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन में प्रसव कक्ष और आवासीय भवन , मेडिकल रूम में ताला बंद रहने के कारण एएनएम बबिता कुमारी को कार्य करने में परेशानी हो रही है। एएनएम बबिता ने बताया की सभी रूमों में तालाबंद रहने से अस्पताल आने वाले मरीजों को भी परेशानी हो रही। उल्लेखनीय है की उप स्वास्थ्य केन्द्र केतार की एएनएम पबिता कुमारी पिछले दो माह से रांची में इलाजरत है। इस कारण आम ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए कधवन की एएनएम को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। लेकिन सभी रूमों में ताला बंद रहने से उन्हें परेशानी हो रही है। इस सम्बन्ध में चिकित्सा प्रभारी रंजन दास ने कहा की प्रोसेस के अनुसार प्रशासन और बीडीओ की उपस्थिति में दो दिनों के भीतर रूम का ताला तोड़कर एएनएम को सौंप दिया जायेगा। इस मौके पर सीएचओ राधा रितु, एमपीडब्ल्यू मनोज कुमार पाठक, एएनएम बबिता कुमारी मौजूद थे।

### सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी के निर्देश पर 'मैं भी इलेक्शन एंबेसडर' कार्यक्रम आयोजित

**बारियातू ।** सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ सीओ नंद कुमार राम के निदेर्शानुसार प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ ने अपने- अपने क्षेत्र में मैं भी इलेक्शन एम्बसडर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ बालूभाँग, फूलसु, डाढा, गोनिया, साल्वे,अमरवाडीह, टोटी, शिबला व बारियातू पंचायत में सभी बीएलओ ने अपने अपने क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित कर शत प्रतिशत मतदान कराने के उदेश्य से मैं भी इलेक्शन एम्बसडर कार्यक्रम के तहत मताधिकार के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए मतदाताओं का मतदान करने के लिए शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में फ्यूचर वोटर्स/युवा मतदाता तथा उनके पैरेंट्स को मतदान के प्रति जागरूक कर कई महत्वपूर्ण जानकारी भी दिया गया। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सभी योग्य मतदाताओं को मतदान हेतु जागरुक कर वोट कैसे और क्यों देना है इसकी विस्तृत जानकारी दी गई है। इधर बीएलओ देवंती देवी, जेएसएलपीएस के सीसी प्रमिला देवी, ममता देवी, संगीता देवी, सहिया पूनम देवी, मकरा ग्राम में सबिता ने रंगोली बनाकर व हाथों में मेहंदी लगाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण महिलाएं मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### लातेहार पुलिस ने हथियार के साथ दो सड़क लुटेरे को गिरफ्तार कर भेजा जेल




**लातेहार।** पुलिस ने बंधूक के साथ दो सड़क लुटेरे को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।जिसका प्रेस वार्ता कर लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बतलाया कि गुप्त सूचना पर बरवाडीह पुलिस को यह उपलब्धि मिली है। बरवाडीह पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस का एक टीम गठित किया गया था और गिरफ्तार लुटेरे पप्पू कुमार सिंह (23 वर्ष) पिता सरजू सिंह ग्राम गाड़ी थाना छिपादोहर एवं सोनम सिंह उर्फ बसंत सिंह (22 वर्ष) पिता जितेंद्र सिंह ग्राम चान्हो थाना चैनपुर जिला पलामू के निशान देही पर उनके घर से छापामारी कर तीन भरथुआ बंदूक और एक देशी पिस्तौल बरामद किया गया है बतलाया कि यह लुटेरे अपने सहयोगियों के द्वारा डाल्टनगंज -महुआदाड़ एवं छिपादोहर थाना क्षेत्र के लाभर से केड़ बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत केचकी संगम चेक नाका होते हुए दुबियाखाड़ जाने वाली मार्ग बरवाडीह एवं सतबरवा मुख्य पथ पर रात्रि में चलने वाली राहगीरों से सुनसान जगह पर हथियार का भई दिखाकर लूटपाट जैसे घटना को अंजाम दिया करते थे। जिन्हें गिरफ्तार कर विभिन्न शुसंगत धाराओं के साथ लातेहार कारा भेज दिया गया। सड़क लुटेरों के पकड़े जाने से क्षेत्र में शांति बाहाल कायम हुई है। बता दे की लातेहार पुलिस ने पहले भी कई सड़क लुटेरों को

### एक निश्चित विजन के बिना आपका मिशन कभी पूरा नहीं हो सकता : शिव कुमार



**महुआडांड़ ।** संत जेवियर्स कॉलेज के सभागार में विद्याथीयों और प्रोफेसर्स हेतु क्षमता निर्माण कार्यक्रम (कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम)का अयोजन सोमवार को किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि कॉलेज के वास्तुकार व वास्तुविद् (आर्किटेक्ट) फादर बॉब स्लैटरी तथा ऑस्ट्रेलिया निवासी मिस्टर शिव कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यार्थियों के द्वारा स्वागत गीत गाकर व अतिथियों को गुलदस्ता देकर की गई। फादर बॉब स्लैटरी ने यह संदेश दिया गया कि विद्यार्थियों को अपने जीवन के विषम परिस्थितियों में भी हमेशा आशान्वित रहकर सकारात्मक विचार के साथ निरंतर गतिशील रहना चाहिए तभी वे सफलता के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। वहीं अतिथि मिस्टर शिव कुमार ने कहा कि यदि आपके जीवन में किसी लक्ष्य को प्राप्त करने का एक निश्चित विजन यानि दृष्टिकोण है और आप अपने विजन के प्रति समर्पित और प्रतिबद्ध हैं तो कठिन परिश्रम को माध्यम बनाकर आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विजन के बिना मिशन को कभी प्राप्त नहीं किया जा सकता है। इसके पश्चात प्राचार्य डॉ जोश ने उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में सर्वोच्च स्थान लाकर महाविद्यालय का नाम रौशन किया।

### निकाली गई विशाल मतदाता जागरूकता रैली

**गिद्धौर(चतरा)।** मंगलवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राओं द्वारा विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व अंचल अधिकारी राकेश सहाय व विद्यालय के प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से किया। जागरूकता रैली विद्यालय परिसर से संपूर्ण प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न रास्ते से गुजरते हुए भ्रमण किया। इस क्रम में छात्राओं द्वारा मतदान को लेकर कई गगन चूमी नारे लगाए जा रहे थे। साथ ही मतदाताओं से अबकी बार 80 प्रतिशत पार मतदान करने की अपील सभी कर रहे थे। जबकि लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान भी किया गया। रैली में शिक्षक संतोष सेठ, गेंदों रविदास, राजीव नयन, राजीव कुमार दास, किरण कुमारी, उमेश कुमार, उमेश पांडेय सहित कई शामिल थे।

### चतरा महाविद्यालय में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**चतरा।** मंगलवार को लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर चतरा महाविद्यालय में विद्यार्थियों को जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार झा सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, सभी शिक्षक, विद्यार्थी एवं शिक्षकेतर कर्मी शामिल थे। महाविद्यालय के कैंपस एम्बेसडर डॉ. बिस्मिल्ला खान एवं डॉ. एल्विन बखला विशेष रूप से विद्यार्थियों को मतदान में भाग लेने की अपील की। डॉ. बखला ने मतदान में भाग लेकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने एवं लोकतंत्र में बढ़ चढ़कर भाग लेने की बात कही छात्रों से कही। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अपने राजनीतिक अधिकार का प्रयोग कर अपनी सरकार चुनने के अधिकार का प्रयोग कर चतरा लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक वोट डालने का रिकॉर्ड बनाने की अपील की। उन्होंने 20 मई को सबसे पहले अपना कर्तव्य समझ कर बिना किसी प्रलोभन के सकारात्मक तत्वों के प्रेरित होकर व नकारात्मक तत्वों से प्रभावित ना होकर मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु सही प्रतिनिधि चुनने और अच्छा सरकार बनाने की बात कही। मौके पर मतदान संबंधी स्लोगन मतदान करेगा चतरा, आगे बढ़ेगा चतरा व मेरा वोट मेरा भविष्य सभी विद्यार्थियों द्वारा दोहराया गया।

### गिरफ्तारी के 5वें दिन भी पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणी को कोर्ट से नहीं मिली राहत

**चतरा।** चतरा लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने के दौरान गिरफ्तार किए गए बसपा प्रत्याशी पूर्व केंद्रिय मंत्री नागमणी को कोर्ट से 5 वें दिन भी राहत नहीं मिली। ऐसे में नागमणी को अभी और कुछ दिन सलाखों के पीछे रहना होगा। क्योंकि न्यायालय ने उन्हें 9 मई की अगली तारीख दी है। ज्ञात हो कि नागमणि की गिरफ्तारी 3 मई को तब हुई थी जब नामांकन दाखिल करने के लिए समाहरणालय चतरा पहुंचे थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में आचार संहिता उलंघन का मामला दर्ज हुआ था, जिसमें गिरफ्तारी वारंट भी जारी था।

### राजपूत करनी सेना करेगा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी का समर्थन

**मयूरहंड(चतरा)।** इंडिया गठबंधन से कांग्रेस उम्मीदवार केएन त्रिपाठी का राजपूत करनी सेना करेगा समर्थन। इसकी घोषणा मंगलवार को करनी सेना के प्रदेश संयोजक शमशेर सिंह ने प्रत्याशी श्री त्रिपाठी के मयूरहंड प्रखंड के जनसंपर्क अभियान के दौरान की। श्री सिंह ने कहा जो राजपूत करनी सेना का सहयोग करेगा उसके साथ सेना पूरे मन से काम करेगी। इस दौरानकरनी सेना के प्रदेश संयोजक के साथ जिलाध्यक्ष सोनू नारायण सिंह, जिला सचिव कुंदन कुमार सिंह व अन्य सदस्यों श्री त्रिपाठी का भव्य स्वागत किया।

# कंटेनर से तस्करी के 32 मवेशी बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह पुलिस ने कंटेनर ट्रक में भरकर तस्करी के लिए ले जाये जा रहे पशुओं को कुटमु मेदनी नगर रोड में केचकी वन नाका से सोमवार मध्य रात्रि बरामद किया है। कंटेनर से 32 मवेशियों को जिसमे 13 मादा भैंस व 19 नर भैंस बरामद किया है।इस कार्रवाई में पुलिस ने तीन पशु तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पशु तस्कर शेख सद्दाम उर्फ फुल्ल उम्र 35 वर्ष, ग्राम धरनिया पोस्ट ओखड़गड्डा थाना मेराल गढ़वा व जाहिद मिंया उर्फ टुन्न मिया पोखरी के रहने वाले जबकि गिरफ्तार पशु तस्करों में वाहन चालक मनीष कुमार यादव कोखराज जिला कोसंबी उत्तर प्रदेश शामिल हैं। इसकी जानकारी थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी ललित मीणा ने देते हुई बताया कि सूचना मिली कि वाहन में मवेशियों को भरकर पश्चिम बंगाल कत्लखाने में वध के लिए ले जाया जा रहा है. सूचना के सत्यापन के लिए जैसे ही कुटमु रोड के पास पुलिस पहुंची, तो पाया गया कि एक कंटेनर वाहन बहुत तेजी से मेदिनीनगर की तरफ भाग रहा है। बरवाडीह थाना की पुलिस को पीछा करते देखकर कंटेनर ड्राइवर वाहन की रफ्तार और तेज कर खतरनाक तरीके से भागने लगा।अचानक वाहन को केचकी नाका से दूसरी और मोड़ दिया गया। जिसके बाद उसे पुलिस ने धर दबोचा लिया।इसके बाद कन्टेन्टर और पशुओ को बरवाडीह थाना लाया गया व गिरफ्तार पशु तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। छापेमारी दल में पुअनि राधेश्याम, राजन अधिकारी, यकीन अंसारी थाना रिजर्व गार्ड व चालक आदि शामिल रहे।

## महिलाओं ने दी चेतावनी, कहा- पेयजल नहीं तो वोट नहीं



**महुआडांड़ ।** भीषण गर्मी में परहाटोली गांव के ग्रामीण कई महिनों से पेयजल की भारी समस्या से परेशान है. ग्राम परहाटोली में नल जल योजना फेल है, ऊंचे ऊंचे जलमीनार खड़े किये गए हैं लेकिन एक बूंद पानी ग्रामीणों को मयस्सर हुआ है. इस समस्या पर मंगलवार को गांव में महिलाओं ने ग्राम सभा की बैठक कर पानी नहीं तो,, वोट नहीं,, के नारा लगाया, उन्होंने चेतावनी दिया कि पेयजल समस्या का निराकरण नहीं होने पर हम गांव की महिलाएं मतदान का बहिष्कार करेंगे, ग्राम सभा की बैठक में बिजली की अनियमित सप्लाई को लेकर महिलाओं में इसे दुरूस्त करने की मांग रखा। अकतरून बीबी ने कहा कि नल जल योजना के द्वारा ग्राम में लगे आठ जलमीनार खराब है, इन्हे चालू किये बगैर ओडीएफ कर दिया गया, पहले चापाकल की अच्छी व्यवस्था थी, उसे पर 14वे एवं 15वीं वित्तीय से पानी टंकी स्कीम लाकर चौपट कर दिया गया, पहले पानी हाथों से भर लेते थे, चापाकल भी ज्यादा दिनों तक चलता था. खराब होने पर अगल-बगल चंदा कर हम लोग चापाकल मरम्मत भी कर लेते थे, लेकिन जलमीनार मरम्मत करने की जिम्मेदारी किसकी है, पता ही नहीं चलता जबकि हमलोग पानी की मांग को लेकर एसडीओ, बीडीओ एवं स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह तक को ज्ञापन सौंपे है, लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। पुष्पा देवी ने कहा ग्राम की आबादी तीन हजार के आसपास है, सभी समाज के लोग हैं, लेकिन बहुल आबादी आदिवासी की है, मजबूर होकर वह पास में एक चुआड़ी है, उसी पर निर्भर है, वे सालों भर चुआड़ी का पानी पीते हैं। अबकी बार गांव की हम महिलाओं ने निर्णय लिया है, अगर पानी की समस्या दूर नहीं की जाती है, बिजली नियमित नहीं दी जाएगी, तो महिलाएं लोकसभा चुनाव में वोट नहीं डालेगें। मौके पर केशा देवी, प्रिया देवी, सुरेश्वरी देवी, पुष्पा देवी, सुलेसवरी नगेसिया, सबिरन बीबी, मोजिबा बीबी समेत भीरी संख्या में महिलायें मौजूद थी।

## चंदवा के बारी गांव में झारखंड भुइंया समाज विकास समिति की हुई बैठक



नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। झारखंड भुंइया समाज विकास समिति की बैठक बारी गांव स्थित राजु भुंइया के आवास पर संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजू भुंइया ने की।बैठक में वक्ताओं ने कहा कि आने वाले आम चुनाव में उसी दल को समर्थन करेंगे जो भुंइया समाज के हित की बात करेगा। बैठक में कहा गया कि आज तक राजनीति दलों के द्वारा सिर्फ समाज का वोट लेकर ठगने का काम किया गया है।अब समाज के लोग जागरूक हो गए हैं।अब जो दल हमारे समाज के उत्थान की बात करेगा समाज उसे ही अपना समर्थन देगा। लोगो ने कहा कि समाज हित से जुड़ा एक मांग पत्र भी प्रत्याशियों को सौंपा जाएगा जिसमें 24 फरवरी को माता सबरी जयंती पर अवकाश घोषित करने।भूमिहीन भुंइया जाती को जमीन मुहैया कराने।समाज के बच्चों को पढ़ाई के लिए आवासीय विद्यालय में सीट आरक्षित करने। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्रदान करने आदि मांग शामिल होंगे। बैठक में जिला संरक्षक सिकेश्वर भुंइया, रामेश्वर भुंइया, प्रवक्ता बिनोद भुंइया,मीडिया प्रभारी नागेंद्र भुंइया समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**जिला जन-सम्पर्क कार्यालय, गढ़वा**
**(मीडिया एवं पब्लिसिटी कोषांग)**

**मतदाताओं के लिए आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निदेश के आलोक में लोकसभा आम चुनाव, 2024 हेतु गढ़वा जिला के सभी मतदाता जिन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किये गये है, मतदान स्थल पर मत डालने से पहले पहचान सुनिश्चित करने हेतु अपना **निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC)** दिखाएंगे तथा ऐसे निर्वाचक, जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा, तद्नुसार निम्न दस्तावेज पहचान हेतु स्वीकार किये जायेंगे:–

01. निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC)

**वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज:–**

02. आधार कार्ड,
03. मनरेगा जॉब कार्ड,
04. बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक,
05. श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड,
06. ड्राइविंग लाइसेंस,
07. पैन कार्ड,
08. एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड,
09. भारतीय पासपोर्ट,
10. फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,
11. केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान–पत्र,
12. सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और
13. यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

किसी अन्य सभा निर्वाचन–क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे बशर्ते निर्वाचक का नाम जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदान स्थल से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध हो। यदि फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण निर्वाचक की पहचान सुनिश्चित करना संभव न हो तब निर्वाचक को उपर्युक्त वर्णित किसी एक वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

मतदाता सूचना पर्ची (Voter Information Slip) को मतदान केन्द्र में पहचान के उद्देश्य के लिए स्वीकार नहीं किया जाएगा। आपसे अपेक्षित है कि आप मतदान के लिए निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) या आयोग द्वारा उपरोक्त निर्दिष्ट वैकल्पिक दस्तावेजों में से एक मतदान के समय अपने साथ अवश्य लाए।

प्रवासी निर्वाचक को, जो अपने पासपोर्ट में उल्लेखित विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत हैं, को मतदान केन्द्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा कोई अन्य दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जायेगा।

**लोकसभा आम चुनाव, 2024 में गढ़वा जिला के सभी मतदाताओं से अपील है कि निर्भिक एवं स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।**

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 324496 Election(24-25)#D

### अनियंत्रित कोयला वाहन पेड़ से टकराया



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के बघमरी मोड़ के समीप अनियंत्रित कोल वाहन मंगलवार को महुआ के पेड़ में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे कोल वाहन के आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि चालक व उपचालक सुरक्षित बच गए। बताया जाता है की कोल वाहन कटकमसांडी से लौट रहा था। इसी क्रम में बघमरी मोड़ के समीप दुर्घटना हुई। बताते चले की उक्त महुआ पेड़ सड़क पर होने के कारण कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। जबकि कई बाइक चालक की जान भी जा चुकी है। ग्रामीणों ने उक्त महुआ पेड़ को सड़क निर्माण विभाग व वन विभाग द्वारा हटाने की मांग की है।

## खबर का हुआ असर, पोस्ट मास्टर और पोस्टमैन निलंबित



मछली मारने के दौरान तालाब में मिले थे वोटर आईडी

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** लातेहार जिला के बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के बारियातू प्रखंड अंतर्गत लाटू ग्राम क्षेत्र स्थित तालाब मे मछली मारने के दौरान बोर में बंद मिले मतदाता पहचान पत्र मामले को लेकर डाक विभाग ने गंभीरता से लिया है और जांचों प्रांत डाक विभाग ने अपने दो कर्मियों को निलंबित कर दिया है जिसमें फूलशू पंचायत के पोस्टमास्टर मोहम्मद इसराइल एवं हेरहंज प्रखंड अंतर्गत सलैया पंचायत के पोस्टमैन शिव शंकर भगत शामिल है ' इसकी पुष्टि लातेहार डाक विभाग के डाक निरीक्षक सुभाष चंद्र पांडे ने की है ' मालूम हो की 6 दिनों पूर्व प्रखंड के फुलशु पंचायत अंतर्गत लाटू ग्राम क्षेत्र स्थित तालाब मे मछली मारने के दौरान बोर में बंद भारी मात्रा में मतदाता पहचान मिले थे ' जिनकी संख्या 150 से भी अधिक थी ' सभी मतदाता पहचान पत्र फूलशू पंचायत एवं हेरहंज प्रखंड अंतर्गत सलैया पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों के नाम से थी ' हालांकि बाद में इस मामले का उद्वेदन होने एवं क्षेत्र में चर्चा का विषय बनने के बाद डाक विभाग द्वारा संबंधित व्यक्तियों के बीच मतदाता पहचान पत्र का वितरण कर दिया गया ' मालूम हो कि उक्त मतदाता पहचान पत्र झारखण्ड राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्गत किया गया था और संबंधित व्यक्तियों के बीच उसका वितरण डाक विभाग द्वारा किया जाना था लेकिन डाक कर्मियों ने लापरवाही बरतते हुए उसका वितरण नहीं किया ' जिस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित होने पर डाक विभाग जाचो प्रांत यह कार्रवाई की गई ' इस संबंध में बारियातू प्रखंड के प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदकुमार राम ने बारियातू थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराया है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, चतरा।
(डाक मतपत्र–सह–मतपत्र कोषांग)
:– आम सूचना :–

लोकसभा आम चुनाव 2024 में लोकसभा क्षेत्रवार डाक मतपत्र के माध्यम से VED (Voters on Election Duty) के मतदाताओं को मतदान कराने हेतु निम्नलिखित निर्धारित तिथियाँ एवं सुविधा केन्द्र (Facilitation Centre) गठित की जाती है जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| क्रम | पोस्टल बैलेट से मतदान की तिथि | निर्धारित समय | लोकसभा क्षेत्र का नाम | सुविधा केन्द्र (Facilitation Centre) का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09.05.24 से 10.05.24 | पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक | सिंहभूम/खूंटी/लोहरदगा/पलामू | निर्वाची पदाधिकारी का कार्यालय, 4-Chatra. |
| 02 | 10.05.24 से 15.05.24 | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक | चतरा/कोडरमा/हजारीबाग | 1. उपेन्द्र नाथ इंटर कॉलेज चतरा (मतदान पदा॰/कर्मी जिनका प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण कराया गया है।) |
| 03 | 11.05.24 से 15.05.24 एवं 18.05.24 से 19.05.24 | पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक | जिला पुलिस/होमगार्ड/अन्य (जो मतदान डयूटी पर रहेंगे) | निर्वाची पदाधिकारी का कार्यालय, 4-Chatra |
| 04 | 16.05.24 से 17.05.24 | पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक | धनबाद/गिरिडीह/जमशेदपुर/रॉची | निर्वाची पदाधिकारी का कार्यालय, 4-Chatra. |
| 05 | 18.05.24 से 19.05.24 | पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक | चतरा | चतरा कॉलेज चतरा। |
| 06 | 25.05.24 से 26.05.24 | पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक | राजमहल/गोड्डा/दुमका | निर्वाची पदाधिकारी का कार्यालय, 4-Chatra. |

नोट :– निम्नांकित वैसे कर्मी जिन्होने Form-12 भरा है, डाक मतपत्र से मतदान कर सकेंगे :–
I. Polling Personnel :- वैसे मतदान कर्मी/पदा॰ जो मतदान की तिथि को मतदान को मतदान केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त होंगे।
II. Police Personnel :- वैसे पुलिस पदाधिकारी जो मतदान की तिथि को मतदान केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त होंगे।
III. BLO :- वैसे BLO जिनकी प्रतिनियुक्ति उनके मतदान सूची में वर्णित Polling Booth के भिन्न दूसरे बूथ परिसर में होगी।
III. Others :- FST, VST, SST, VVT, चालक, सफाईकर्मी, पुलिस पदा॰, IRB & JAP कर्मी इत्यादि।
विशेष नोट :– सभी अभ्यार्थी, लोकसभा 4–चतरा (2024) को सूचित किया जाता है कि मतदान तिथि को मतदान केन्द्र पर अपने मतदान अभिकर्त्ता (Polling Agent) को नियुक्त किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, चतरा।

PR 324504 Election(24-25)D

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा।
(ई0डी0सी0/पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग)
संशोधित आदेश

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी, लोहरदगा के आदेश ज्ञापांक– 71/पो0बै0, लो0 दिनांक 02.05.2024 के आलोक में सुविधा केन्द्र/Postal Voting Centre की स्थान एवं तिथिवार गठन किया गया था। वर्तमान में अभी भी निर्वाचन कार्य में संलग्न पदाधिकारी/कर्मियों को मतदान कराया जाना है। इस हेतु कार्यरत सुविधाकेन्द्र में निम्न प्रकार संशोधित समय सारणी अनुसार पदाधिकारी/कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाती है, जो निम्नवत है :–

1. सुविधा केन्द्र हेतु प्रतिनियुक्ति (संशोधित)

समयः– 9.00 बजे पूर्वाह्न से 5.00 बजे अपराह्न तक।

| पार्टी सं0 | सुविधा केन्द्र का स्थान/तिथि | विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या एवं नाम | प्रारूप 13क सत्यापन हेतु राजपत्रित पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम (as incharge of FC) | नामित मतदान पदाधिकारी | सुविधा केन्द्र पर प्रतिनियुक्ति मतदान कर्मी का नाम/पदनाम/कार्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Facilitation Centre – 1 जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू,लोहरदगा। 03.05.2024 से 08.05.2024 तक | झारखण्ड के सभी विधानसभा क्षेत्र | अनुरंजन झा, परीक्ष्यमान उपसमाहर्त्ता, लोहरदगा 9430753543, 6207212250 | Polling Officer 1 | श्री अरूण राम, प्रधानाध्यापक, रा0म0वि0 नवाड़ीपाडा, लोहरदगा, 8864019569 |
| | | | | Polling Officer 2 | श्री सुधांषु कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक, लाल बहा0षा0उच्च विद्यालय भण्डरा, 9386108673 |
| | | | | Polling Officer 3 | श्री महेष कुमार चौहान, जनसेवक–सह–प्रभारी प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी, पेशरार, 6206047078 |
| 2 | Facilitation Centre – 2 पुलिस लाईन, लोहरदगा। 06.05.2024 से 09.05.2024 तक | झारखण्ड के सभी विधानसभा क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी | श्री जयपाल सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा, 7488617977 | Polling Officer 1 | श्री सुशील कुमार भगत पंचायत सचिव, किस्को, 7903103297 |
| | | | | Polling Officer 2 | श्री सुनिल चन्द्र कुँवर, जनसेवक, कुडू 7250958988 |
| | | | | Polling Officer 3 | श्री अवध किशोर प्रसाद जनसेवक, कुडू 7903365754 |
| 3 | Facilitation Centre – 3 पुलिस लाईन, लोहरदगा। 06.05.2024 से 09.05.2024 तक | झारखण्ड के सभी विधानसभा क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी | विजय रंजन तिर्की, परीक्ष्यमान उपसमाहर्त्ता, लोहरदगा, 9931570766 | Polling Officer 1 | श्री सुनिल मिंज, जनसेवक पेशरार 8709060107 |
| | | | | Polling Officer 2 | श्री उदय कुमार महतो, जनसेवक, किस्को, 8789435707 |
| | | | | Polling Officer 3 | श्री विवेक कुमार, जनसेवक, कुडू 8340571416 |
| 4 | Facilitation Centre – 4 समाहरणालय परिसर, लोहरदगा। (Dispatch Centre) 11.05.2024 से 12.05.2024 तक | झारखण्ड के सभी विधानसभा क्षेत्र | अनुरंजन झा, परीक्ष्यमान उपसमाहर्त्ता, लोहरदगा 9430753543, 6207212250 | Polling Officer 1 | कृष्णा यादव, सहायक शिक्षक, मो0 9334232319 |
| | | | | Polling Officer 2 | भिखराम भगत, सहायक शिक्षक, मो0 9123289262 |
| | | | | Polling Officer 3 | विजय बैठा, सहायक शिक्षक, मो0 9386609699 |
| 5 | Facilitation Centre – 5 समाहरणालय परिसर, लोहरदगा। (Dispatch Centre) 11.05.2024 से 12.05.2024 तक | झारखण्ड के सभी विधानसभा क्षेत्र | विजय रंजन तिर्की, परीक्ष्यमान उपसमाहर्त्ता, लोहरदगा, 9931570766 | Polling Officer 1 | मो0 मेराजूल हक, सहायक शिक्षक, मो0 9693815411 |
| | | | | Polling Officer 2 | अजीत कुमार भारती, सहायक शिक्षक, मो0 8210768108 |
| | | | | Polling Officer 3 | षिव कुमार प्रजापति, सहायक शिक्षक, मो0 7277988092 |

शेष कंडिका यथावत रहेगा।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लोहरदगा।

PR 324526 Lohardaga(24-25)D

## न्यूज बॉक्स

### मतदाता जागरूकता के लिए छात्र-छात्राओं ने चलाया हस्ताक्षर एवं सेल्फी अभियान



**सेन्हा-लोहरदगा।** आगामी लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ0 बाघमारे प्रसाद के निर्देश पर मतदान कार्य मे मतदान कर्मियों की सुविधा हेतु परिवहन विभाग के द्वारा सेन्हा थाना के समीप निजी वाहनों की धरपकड़ अभियान के तहत 8 छोटी वाहनों का सीजर लिस्ट काटा गया। वाहन जब्ती कोषांग सह परिवहन एम वी आई पदाधिकारी अमरेंद्र गिरी की मौजूदगी में पुलिस बल के सहयोग से सीजर लिस्ट काटा गया।इस दौरान एम वी आई पदाधिकारी अमरेंद्र गिरी ने बताया कि सभी वाहन चालकों को वाहन जप्ती तथा जमा करने का एक नोटिस दिया गया है। जिसके तहत संबंधित वाहन मालिकों को निर्धारित तिथि को लोहरदगा चुनाव कोषांग परिसर में सम्बंधित पदाधिकारी के समक्ष वाहन को जमा करने का निर्देश दिया गया है।उन्होंने यह भी कहा कि यदि वाहन मालिकों द्वारा वाहन देने में आनाकानी की जाएगी तो संबंधित वाहन मालिकों के विरुद्ध आदेश उलंघन तथा चुनाव कार्य में हस्तक्षेप करने के मामला पर कानूनी कारवाई भी किया जाएगा।मौके पर एम वी वाई पदाधिकारी अमरेंद्र गिरी व पुलिस जवान मौजूद थे।

### आठ वाहनों का काटा गया सीजर लिस्ट



**सेन्हा-लोहरदगा।** आगामी लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ0 बाघमारे प्रसाद के निर्देश पर मतदान कार्य मे मतदान कर्मियों की सुविधा हेतु परिवहन विभाग के द्वारा सेन्हा थाना के समीप निजी वाहनों की धरपकड़ अभियान के तहत 8 छोटी वाहनों का सीजर लिस्ट काटा गया। वाहन जब्ती कोषांग सह परिवहन एम वी आई पदाधिकारी अमरेंद्र गिरी की मौजूदगी में पुलिस बल के सहयोग से सीजर लिस्ट काटा गया।इस दौरान एम वी आई पदाधिकारी अमरेंद्र गिरी ने बताया कि सभी वाहन चालकों को वाहन जप्ती तथा जमा करने का एक नोटिस दिया गया है। जिसके तहत संबंधित वाहन मालिकों को निर्धारित तिथि को लोहरदगा चुनाव कोषांग परिसर में सम्बंधित पदाधिकारी के समक्ष वाहन को जमा करने का निर्देश दिया गया है।उन्होंने यह भी कहा कि यदि वाहन मालिकों द्वारा वाहन देने में आनाकानी की जाएगी तो संबंधित वाहन मालिकों के विरुद्ध आदेश उलंघन तथा चुनाव कार्य में हस्तक्षेप करने के मामला पर कानूनी कारवाई भी किया जाएगा।मौके पर एम वी वाई पदाधिकारी अमरेंद्र गिरी व पुलिस जवान मौजूद थे।

### उत्पाद विभाग की छापेमारी में 10 लीटर शराब और 50 किलो जावा महुआ जब्त

**लोहरदगा ।** जिला उत्पाद विभाग और पुलिस की टीम ने सदर प्रखंड के पीछे स्थित बस्ती में छापामारी कर लगभग 10 लीटर देशी अवैध चुलैया शराब और लगभग 50 केजी जावा महुआ जप्त कर नष्ट किया। मिली जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव को लेकर अवैध शराब बनाने और बिक्री करने के विरुद्ध उत्पाद विभाग लगातार छापामारी अभियान चला रहा है। इसके तहत महुआ शराब बनाने की सूचना पर उत्पाद विभाग और पुलिस टीम ने छापामारी किया। उत्पाद अवर निरीक्षक एमके दास की अगुवाई में की गई छापामारी में लगभग 10 लीटर अवैध शराब और 50 केजी जावा महुआ बस्ती के घरों से जप किया गया। उत्पाद विभाग की कार्रवाई देख मौके से अवैध शराब बनाने वाले ग्रामीण फरार हो गए।

### सेन्हा में 85 प्लस के चार मतदाताओं को बैलेट वोट का मिला लाभ

**हाल** ही में छत्तीसगढ़ के जंगलों में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में हैरतअंगेज दृश्य सामने आया। कांकेर जिले में जबर्दस्त गोलीबारी में कुल 29 माओवादी मारे गए, जिनमें उनका सबसे बड़ा नेता 25 लाख रुपये का इनामी शंकर राव भी शामिल था। इस मुठभेड़ में माओवादी आधुनिक हथियारों जैसे, असॉल्ट राइफलों तथा ग्रेनेड लॉन्चरों से लैस थे। फिर भी सुरक्षा बलों ने बेहद आक्रामक ढंग से मुकाबला करते हुए उनका खात्मा किया। छत्तीसगढ़, झारखंड के जंगलों के बड़े हिस्से में एक तरह से माओवादियों का राज था और वहां उनसे लड़ना आसान नहीं था। जिन लोगों ने छत्तीसगढ़ के घने और विस्तृत जंगल नहीं देखे हैं, उन्हें यह बताना जरूरी है कि वहां माओवादियों की चप्पे-चप्पे पर नजर रहती है और उनके कैडर हर जगह पहुंचे रहते हैं। उन्हें हथियारों का भी बेहतर प्रशिक्षण दिया जाता है और घात लगाकर हमला करने में उन्हें महारत हासिल है। पिछले कुछ वर्षों से केंद्र सरकार ने माओवादियों पर लगाम कसनी शुरू कर दी है। गृह मंत्रालय ने इनसे निपटने के लिए सुरक्षा बलों को न केवल आधुनिकतम हथियार देना शुरू किया है, बल्कि अन्य संसाधन भी। माओवादियों से निपटने में सबसे बड़ी समस्या यह होती है कि राज्य सरकारें पर्याप्त मदद नहीं करतीं। उन्हें लगता है कि ऐसी मुठभेड़ों से आम जनता भी चपेट में आ जाएगी, जो पूरी तरह से गलत भी नहीं है। लेकिन अब स्थिति बदलने लगी है और नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण पर ध्यान दिया जाने लगा है। इससे सरकार के प्रति जनता में अब कटता का भाव नहीं रहा है। उनकी सहानुभूति अब माओवादियों के साथ न होकर सुरक्षा बलों के साथ है। ताजा मामले में गृह मंत्रालय ने इन उग्रवादियों की गतिविधियों पर अपने स्त्रोतों से नजर रखी और जब सूचना बिल्कुल पक्की हो गई, तो राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर बीनागुंडा और आसपास के इलाकों में ऑपरेशन चलाया। दिन में चलाए गए इस ऑपरेशन का लाभ यह हुआ कि सुरक्षा बलों को सभी कुछ साफ दिख रहा था और वे उन पर हावी हो गये। और बड़ी संख्या में माओवादियों को जान से हाथ धोना पड़ा। सुरक्षा बलों की आक्रामकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक चार महीने में लगभग 80 माओवादी मारे गए हैं और 125 से अधिक गिरफ्तार हुए हैं तथा 150 से अधिक ने आत्मसमर्पण किया है। यह केंद्र तथा राज्य सरकार के बीच सामंजस्य से संभव हुआ है। गृह मंत्रालय इस मामले में दृढ़ संकल्पित है कि माओवादियों से सख्ती से निपटना है, लेकिन बातचीत के रास्ते खुले हुए हैं। माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में 2019 के बाद से 250 से भी ज्यादा सुरक्षा शिविर स्थापित किए गए हैं। इन माओवादियों के कारण राज्य का विकास रुक रहा है और जन जीवन प्रभावित हो रहा है। बस्तर जिले के सीधे-सादे आदिवासियों को डराकर ये माओवादी उनके बच्चों तक को अपने साथ ले जाते हैं और उन्हें कम उम्र से ही हथियारों की ट्रेनिंग देते हैं। साठ के दशक के उत्तरार्ध में बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से नक्सलवाद आंदोलन की शुरूआत हुई, जहां माओवादियों ने भूमिहीन किसानों के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर सशस्त्र आंदोलन किया, जिसका वहां की सरकार भी ठीक से जवाब नहीं दे पाई। इसी आंदोलन की तर्ज पर कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी लेनिन) ने छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, ओडिशा आदि में हिंसक आंदोलन किया। बंगाल के आंदोलन के विपरीत यहां सिद्धांतों की लड़ाई नहीं थी, बल्कि अपना वर्चस्व स्थापित करने की जिद है। इन माओवादियों के कैडर पैसे की वसूली करते हैं। खनन कार्य में लगी कंपनियों से मोटी रकम वसूली जा रही है। लेकिन अब समय बदलने लगा है और केंद्र सरकार माओवादियों से निपटने के लिए कमर कस चुकी है। छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्र के साथ मिलकर नक्सल प्रभावित जिलों के लिए नई योजनाएं भी बनाई हैं। इसके तहत उन्हें 25 से अधिक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीणों को आवास उपलब्ध कराने की बड़ी योजना पर काम हो रहा है। इस तरह के कल्याणकारी कार्यों के कारण ग्रामीण माओवादियों से दूरी बनाने लगे हैं। हालांकि इस तरह के प्रयासों के कार्यान्वयन में समय लगेगा, लेकिन इस दिशा में यह एक बड़ी पहल है।

चिंता

# मिलावट का कहर, स्वास्थ्य के लिये जहर



ललित गर्ग



**भारतीय** मसालों की गुणवत्ता की साख जब दुनिया में धुंधली हुई है, मिलावटी मसालों पर देश से दुनिया तक बहस छिड़ी हुई है, तब दिल्ली में मिलावट के एक बड़े मामले का पदार्पाश होना न केवल चिंताजनक है बल्कि दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये शर्मनाक है। भारत में मिलावट का मामला मसालों तक ही सीमित नहीं है। मिलावटखोरों ने दवाइयों, तेल, घी, दूध, मिठाइयों से लेकर अनाज तक किसी चीज को नहीं छोड़ा है। हर साल त्योहारों पर देश भर से मिलावटी मावा और मिलावटी मिठाइयों की खबरे आती हैं। प्रश्न है कि आखिर मिलावट का बाजार इतना धडल्ले से क्यों पनप रहा है, क्यों सिस्टम लाचार है, मिलावटखोरी का अंत क्यों नहीं हो पा रहा है? लोकसभा चुनाव के दौरान मिलावट की त्रासद एवं जानलेवा घटनाओं का उजागर होना, क्यों नहीं चुनावी मुद्दा बनता? कह तो सभी यही रहे हैं--'बाकी सब झूठ है, सच केवल रोटी है।' लेकिन इस बड़े सच रोटी यानी पेट भरने की खाद्य-सामग्री को मिलावट के कारण दूषित एवं जानलेवा कर दिया गया है। देश में खाद्य पदार्थों में मिलावट मुनाफाखोरी का सबसे आसान जरिया बन गई है। खाने-पीने की चीजें बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। किसी भी वस्तु की शुद्धता के विषय में हमारे संदेह एवं शंकाएं बहुत गहरा गयी हैं। मिलावट का धंधा शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक भी फैला हुआ है और इसकी जड़ें काफी मजबूत हो चुकी हैं। जीवन कितना विषम और विषभरा बन गया है कि सभी कुछ मिलावटी है। सब नकली, धोखा, गोलमाल ऊपर से सरकार एवं संबंधित विभाग कुंभकरणी निद्रा में है। मिलावटी खाद्य पदार्थ धीमे जहर की तरह हैं। ये दिल और दिमाग से जुड़ी बीमारियों, अल्सर, कैंसर वगैरह की वजह बन सकते हैं। खाने वालों को आभास भी नहीं होता कि वे धीरे-धीरे किसी गंभीर बीमारी की ओर जा रहे हैं। वे किसी पर भरोसा कर कुछ खरीदते हैं और मिलावटखोर तमाम कानून बने होने एवं प्रशासन की सक्रियता के बावजूद इस भरोसे को तोड़ रहे हैं। उनकी वजह से दूसरे देशों का भी भरोसा भारतीय उत्पादों पर कम होने की स्थितियां बनती जा रही है। कुछ दिनों पहले ही हांगकांग और सिंगापुर ने लिमिट से ज्यादा पेस्टिसाइड का आरोप लगाकर दो भारतीय ब्रैंड के कुछ मसालों को बैन किया था। अगर ऐसा हुआ तो इनके निर्यात से करोड़ों डॉलर की आमदनी पर आंच आएगी। मिलावट करने वालों को न तो कानून का भय है और न आम आदमी की जान की परवाह है। दुखद एवं विडम्बनापूर्ण तो ये स्थितियां हैं जिनमें खाद्य वस्तुओं में मिलावट धडल्ले से हो रही है और सरकारी एजेन्सियां इसके लाइसैंस भी आंख मूंदकर बांट रही है। जिन सरकारी विभागों पर खाद्य पदार्थों की क्वॉलिटी बनाए रखने की जिम्मेदारी है वे किस तरह से लापरवाही बरत रही है, इसका परिणाम आये दिन होने वाले फूड प्वाइजनिंग की घटनाओं से देखने को मिल रहे हैं। मिलावट के बहुरुपिया रावणों ने खाद्य बाजार जकड़ रखा है। मिलावट का कारोबार अगर फल-फूल रहा है, तो जाहिर है कि इसके खिलाफ जंग उस पैमाने पर नहीं हो रही है, जैसी होनी चाहिए। इस मामले में भारत अपने पड़ोसी देश बांग्लादेश से कुछ सबक ले सकता है, जिसने हल्दी में लेड की मिलावट पर काबू पा लिया। मिलावटखोर हल्दी की चमक बढ़ाने के लिए लेड का इस्तेमाल करते हैं और यह समस्या पूरे दक्षिण एशिया की है। मिलावट सबसे बड़ा खतरा है। मारने वाला कितनों को मारेगा? एक आतंकवादी स्वचालित हथियार से या बम ब्लास्ट कर अधिक से अधिक सौ दो सौ को मार देता है। लेकिन खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाला हिंसक एवं दरिंदा तो न जाने कितनों को मृत्यु की नींद सुलाता है, कितनों को अपंग और अपाहिज बनाता है। इन हिंसक, क्रूर एवं मुलाफाखोरों पर लगाम न लगने की एक वजह यह भी है कि ऐसा करने वालों को लगता है, इससे होने वाले मुनाफे की तुलना में मिलने वाली सजा बहुत कम है। जाहिर है, सजा कड़ी करने के साथ ही यह भी पक्का करना होगा कि दोषी किसी तरह से बच न निकलें। यही नहीं, लोगों को पता होना चाहिए कि मिलावट की शिकायत कहां करनी है। हमारे प्रयासों में कमी न रहे, तभी यह काला धंधा रुक सकेगा। कारोबार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण मिलावट हर जगह देखने को मिलती है। कहीं दूध में पानी की मिलावट होती है, तो कहीं मसालों में रंगों की। दूध, चाय, चीनी, दाल, अनाज, हल्दी, फल, आटा, तेल, घी आदि ऐसी तमाम तरह की घरेलू उपयोग की वस्तुओं में मिलावट की जा रही है। यानी, पूरे पैसे खर्च करके भी हमें शुद्ध खाने का सामान नहीं मिल पाता है। मिलावट इतनी सफाई से होती है कि असली खाद्य पदार्थ और मिलावटी खाद्य पदार्थ में फर्क करना मुश्किल हो जाता है। जीवन मूल्यहीन और दिशाहीन हो रहा है। हमारी सोच जड़ हो रही है। मिलावट, अनैतिकता और अविश्वास के चक्रव्यूह में जीवन मानो कैद हो गया है। घी के नाम पर चर्बी, मक्खन की जगह मार्गरीन, आटे में सेलखड़ी का पाउडर, हल्दी में पीली मिट्टी, काली मिर्च में पपीते के बीज, कटी हुई सुपारी में कटे हुए छुहारे की गुठलियां मिलाकर बेची जा रही हैं। दूध में मिलावट का कोई अंत नहीं। नकली मावा बिकना तो आम बात है। राजस्थान और गुजरात में चल रहा नकली जीरे का कारोबार अब दिल्ली एवं देश के अन्य हिस्सो तक पहुंच गया है। दिल्ली में पहली बार पकड़ी गई नकली जीरे की खेप ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। भारत के लोगों को न शुद्ध हवा मिल रही है और न शुद्ध पानी और न ही शुद्ध खाने का निवाला, कैसी अराजक शासन व्यवस्था है? मिलावट के कारण हम एक बीमार समाज का निर्माण कर रहे हैं। शरीर से रुग्ण, जीर्ण-शीर्ण मनुष्य क्या सोच सकता है और क्या कर सकता है? क्या मिलावटखोर परोक्ष रूप से जनजीवन की सामूहिक हत्या का षड्यंत्र नहीं कर रहे? हत्यारों की तरह उन्हें भी अपराधी मानकर दंड देना अनिवार्य होना चाहिए। मिलावट एक ऐसा खलनायक है, हत्यारी प्रवृत्ति है, जिसकी अनदेखी जानलेवा साबित हो रही है। चाहे प्रचलित खाद्य सामग्रियों की निम्न गुणवत्ता या उनके जहरीले होने का मतलब इंसानों की मौत भले ही हो, पर कुछ व्यापारियों एवं सरकारी अधिकारियों के लिए शायद यह अपनी थैली भर लेने का एक मौका भर है। त्यौहारों पर मिलावटी मिठाइयां खाने से अपच, उलटी, दस्त, सिरदर्द, कमजोरी और बेचैनी की शिकायते सुनने में आती रही है। इससे किडनी पर बुरा असर पड़ता है। पेट और खाने की नली में कैंसर की आशंका भी रहती है। खाद्य उत्पाद विनियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने 2006 के खाद्य सुरक्षा और मानक कानून में कड़े प्रावधान की सिफारिश की थी। कानून को सिंगापुर के सेल्स आफ फूड एक्ट कानून की तर्ज पर बनाया गया जो मिलावट को गम्भीर अपराध मानता है। फूड इंस्पैक्टरों का दायित्व है कि वह बाजार में समय-समय पर सैम्पल एकत्रित कर जांच करवाएं लेकिन जब सबकी 'मंथली इन्कम' तय हो तो फिर जांच कौन करे? हालत यह है कि बाजारों में धूल-धक्कड़ के बीच घोर अस्वास्थ्यकर माहौल में खाद्य सामग्रियां बेची जा रही है। सीएजी ऑडिट के दौरान जो तथ्य उजागर हुए हैं, वे भ्रष्टाचार को तो सामने लाते ही है साथ-ही-साथ प्रशासनिक लापरवाही को भी प्रस्तुत करते हैं। देश में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने का काम करने वाली सरकारी एजेन्सी की दशा कितनी दयनीय है और वहां कितनी लापरवाही बरती जा रही है, सहज अनुमान लगाया जा सकता है। हमें सोचना चाहिए कि शुद्ध खाद्य पदार्थ हासिल करना हमारा मौलिक हक है और यह सरकार का फर्ज है कि वह इसे उपलब्ध कराने में बरती जा रही कोताही को सख्ती से ले।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### तालाब पर और ध्यान देने की आवश्यकता

मेदिनीनगर शहर के बड़ा तालाब में पार्क में बन जाने के कारण यहां लोगों को आना-जाना काफी बढ़ गया है। यहां लोग सुबह और शाम घुमने के लिए आते हैं। लेकिन,शहर की आबादी को देखते हुए इसके विस्तार की जरूरत महूसूस की जा रही है। मोहन सिनेमा हॉल तक तालाब की सीमा है। वहां पर गंदगी का अम्बार लगा होता है। वहां तक अगर पार्क का विस्तार कर दिया जाये तो ज्यादा अच्छा होगा। साथ ही पानी का स्तर भी बना रहेगा। इसके अलावे पानी की स्तर और ऊंचा करना आवश्यक है। फव्वारे के सिस्टम को भी कम से कम पांच-छह फीट ऊंचा करना भी जरूरी है। पानी का स्तर ऊंचा करने से शहर का जल स्तर भी बना रहेगा। वही यहां पर कुछ लोगों के द्वारा पानी का बोतल तालाब में डाल दिया जाता है, जिसके कारण तालाब में गंदगी बढ़ जाती है। आस-पास के लोग भी कभी-कभी पार्क की बाउड्री लांघकर अंदर प्रवेश कर जाते हैं। साथ ही पार्क में बने व्यायाम के उपकरणों को क्षति भी पहुंचाते हैं। इनकी सुरक्षा आवश्यक है। अभी गरमी के दिनों में यहां सुबह में लोगों की भीड़ कम हो गई है। कई लोग यहां से नीम की पत्ती भी तोड़ लेते हैं। उन वृक्षों को बड़ा होने के बाद पत्तियां तोड़ना उचित होगा। कई जगहों पर और पेड़-पौधे लगाने की आवश्यकता है। साथ ही तालाब के अन्य किनारों पर सीढ़िया बनायी जाये तो अति उत्तम होगा। फिर यह हमारे शहर की एक धरोहर है। पहले यहां नगर पालिका पार्क हुआ करता था, जो शायद ही कभी खुला करता था। बाद में यह अतिक्रमण के कारण सिकुड़ गया है। फिलहाल जो भी स्थान बचा हुआ है उसे बचाने की जरूरत है। इसे सुन्दर बनाने में यहां के नागरिकों के सहयोग की आवश्यकता है। यहां हमारे और आनेवाली पीढ़ियों के लिए एक धरोहर है। जिस प्रकार पटना का गांधी मैदान वहां के लोगों के लिए उपयोगी है उसी तरह यह अम्बेडकर पार्क हम लोगों के लिए उपयोगी साबित होगा। पार्क में आने वाले बुजुर्गों की बात करें तो उनका कहना है कि हमलोगों के लिए सुबह और शाम को बैठने की एक अच्छी जगह मिल गई है। जहां हमलोग घर और शहर शोर गुल से दूर इस पार्क में कुछ पल आराम से गुजारते हैं। साथ ही हम उम्र लोगों के साथ बैठकर पुरानी बातों को याद करते हैं।

**प्रदीप कुमार, कुण्ड मुहल्ला, मेदिनीनगर।**

राजनीति

# फाइव आइज का मोदी और भाजपा को लेकर अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**हम** सभी जानते हैं, भारत में इस वक्त लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। तीसरे चरण के बाद अब चौथे चरण की वोटिंग की तैयारी है। पूरी दुनिया की नजर भारत पर है, जिसमें कि भारत विरोधी यही चाहते हैं कि भाजपा की सत्ता केंद्र में न आए, मोदी फिर से भारत के प्रधानमंत्री न बनें। भारत पहले की तरह ही कई मोर्चों पर संघर्ष करता हुआ कमजोर दिखाई दे। अब इसके लिए भाजपा एवं मोदी से विरोध करनेवाली शक्तियां तो देश के अंदर काम कर ही रही हैं, किंतु इन दिनों ऐसी शक्तियों को विदेशों में भी पुख्ता माहौल बनाते हुए देखा जा सकता है। वस्तुतः पाकिस्तान, चीन, समेत कई देश जो भारत को सहन नहीं कर पा रहे हैं, वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करते ही थे, लेकिन अब यूरोप समेत विशेष तौर पर इंग्लैण्ड और अमेरिका जैसे विकसित देशों ने भी लगातार केंद्र की मोदी सरकार को घेरना जारी रखा है, जिसमें कि उसके सामने आज का सबसे बड़ा कोई विषय है तो वह है भारत का अल्पसंख्यक वर्ग, विशेषकर यहां की दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या यानी कि मुलसमान। इस संदर्भ में यह तथ्य सामने आया है कि अमेरिका के नेतृत्व वाले फाइव आइज खुफिया गठबन्धन (कनाडा, न्यूजीलैण्ड, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलियाई ) ने मोदी सरकार के खिलाफ विशेष मोर्चा खोलकर रखा है। इन पांच देशों की सरकार समर्थक मीडिया हर दिन भारत विरोधी कोई नई रिपोर्ट प्रकाशित करती है। इन रिपोर्टों में तथा कथित सूत्रों के आधार पर मोदी सरकार को निशाना बनाया जा रहा है। वह मोदी सरकार पर लगाम कसने के लिए वामपंथी मीडिया और अपने स्वयं के वित्त पोषित ब्रॉडकास्टर को खुफिया जानकारी लीक कर रहे हैं तथा भ्रम फैलाने वाली झूठी रिपोर्ट बड़े स्तर पर स्वयं से तैयार करने के साथ ही करवा रहे हैं, जिसमें से एक नैरेटिव यह गढ़ा जा सके कि भारत में मुसलमान मोदी राज में बहुत कमजोर पड़े हैं। वे खतरे में हैं और उन पर हिन्दू नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते हुए भयंकर अत्याचार हो रहे हैं। इस बात को समर्थन देने एवं जोर देते हुए आप ऑस्ट्रेलिया के अखबार ऑस्ट्रेलियन फाइनेंशियल रिव्यू, अमेरिकी अखबार 'द वाशिंगटन पोस्ट', 'द न्यूयॉर्क टाइम्स', सीएनएन, टाइम मैगजीन, ब्रिटेन के अखबार 'द गार्जियन', बीबीसी, फ्रांस के प्रसिद्ध समाचार पत्र ले मोंड समेत अन्य कई को आप देख भी रहे थे, जिनमें कि इस प्रकार कि रिपोर्ट्स लगातार प्रकाशित की जा रही हैं।

> **इन पांच देशों की सरकार समर्थक मीडिया हर दिन भारत विरोधी कोई नई रिपोर्ट प्रकाशित करती है। इन रिपोर्टों में तथा कथित सूत्रों के आधार पर मोदी सरकार को निशाना बनाया जा रहा है।**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से

Mystery of Travel · Follow
3 d ·

Beautiful view of Ama Dablam , everest - chola pass - gokyo Trekking

picture: yula_urban

#trekkinginnepal



29 · 5 shares
Like · Comment · Send · Share

## X - से

Akhilesh Singh @akhileshsi1 · 5h

ये घी का नया खेप है। ग्रामीण विकास विभाग के ठेकेदार राजीव कुमार सिंह के यहां से मिला है। 10 करोड़ से अधिक की राउटिंग इन्होंने की है। आलमगीर जी की मुसीबत।



4 · 30 · 118 · 3.3K


अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com


# चुनाव में सिर्फ हिन्दू जातियों पर चर्चा करने वाले कौन?



आर.के. सिन्हा

**हर** बार की तरह इस लोकसभा चुनाव में भी अपने को राजनीति का विद्वान बताने वाले ज्ञानियों ने किस संसदीय क्षेत्र में किसके हक में बयार बह रही है, इस विषय पर लिखना-बताना शुरू कर दिया है। वे अपना विश्लेषण रखते हुए बताते हैं कि वहां ( उस संसदीय क्षेत्र में ) इतने फीसद क्षत्रिय, ब्राह्मण, दलित, पिछड़े, अति पिछड़े, यादव वगैरह हैं। यहां तक तो सब ठीक है। पर जातियों का गणित बताने वाले मुसलमानों, सिखों, ईसाइयों की जातियों पर मौन ही रहते हैं। उन्हें जातियों के कोढ़ के बारे में सिर्फ हिन्दुओं की ही चर्चा करनी होती है। उन्हें लगता है कि मानों जातियां सिर्फ हिन्दू धर्म में ही हैं। जैसे कि बाकी धर्मावलंबी किसी जात-पात में यकीन नहीं करते। इससे एक बात बहुत साफ हो जानी चाहिए हमारे यह कथित विद्वान देश की जमीनी हकीकत से कितने नावाकिफ हैं। उन्हें यह मालूम ही नहीं है कि जाति भारत का सच है। कोई इंसान अपना धर्म बदल सकता है, पर जाति उसके साथ हमेशा रहती है। वह जाति से अपने को दूर नहीं कर पाता है। राममनोहर लोहिया यह बात बार-बार कहा करते थे। अगर बात मुसलमानों की करें तो सब जानते हैं कि मुसलमान अशराफ, अजलाफ और अरजाल श्रेणियों में बंटे हैं। शेख, सैयद, मुगल और पठान अशराफ कहे जाते हैं। अशराफ का मतलब है, जो अफगान-अरब मूल के या हिन्दुओं की अगड़ी जातियों से धर्मांतरीत मुसलमान हैं। अजलाफ पेशेवर जातियों से धर्मांतरित मुसलमानों का वर्ग है। एक तीसरा वर्ग उन मुसलमानों का है, जिनके साथ शेष मुसलमान भी संबंध नहीं रखते। इन्हें ही पसमांदा मुसलमान कहते हैं। हालांकि इस्लाम में जाति का विचार तो नहीं है। इस्लाम जाति के कोढ को ललकारता भी है। इसके बावजूद सारा मुसलमान समाज जाति के दलदल में फंसा है। मुसलमानों में अलग-अलग जातियों के अपने कब्रिस्तान तक हैं। राजधानी में पंजाबी मुसलमानों के कब्रिस्तान में गैर-पंजाबी मुसलमानों का प्रवेश निषेध है। शिया और सुन्नियों के तो प्रायः अपने अलग-अलग कब्रिस्तान तो होते ही हैं। शियाओं की अपनी मस्जिदें भी होती हैं। वे अन्य मस्जिदों में नहीं जाते। अपने को मुसलमानों का रहनुमा कहने वाले मुसलमान नेता भी पसमांदा मुसलमानों के मसलों को उठाने की जहमत नहीं दिखाते। मशहूर शायर मोहम्मद इकबाल बार-बार बताते थे कि उनके पुरखे हिन्दू पंडित थे। खैर, अपने को बाबा साहब आंबेडकर का अनुयायी बताने वाले दलित नेताओं को शायद यह मालूम हो कि बाबा साहेब ने 25 नवंबर, 1949 को संविधान सभा को संबोधित करते हुए बहुत साफ शब्दों में कहा था, 'जाति तो राष्ट्र विरोधी है। ...पर, भारत में जातियों के असर को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इनसे समाज बिखरता है।' भारत के कई राज्यों में ईसाई बहुमत में हैं और उन राज्यों के मुख्यमंत्री भी ईसाई हैं। पर इसका यह कतई मतलब नहीं है कि वहां जातियां नहीं हैं। ईसाई धर्म अनेक संप्रदायों में बिखरा हुआ है। ईसाई कैथोलिक, सीरियन, ओथोडॉक्स, प्रोटेस्टेंट्स और अनेक असंगठित समूहों में फैला है। भारत में ईसाइयों का पहला प्रभावकारी स्वरूप कैथोलिक देश पुर्तगाल से 1498 ई. में पुर्तगालियों के आने से हुआ और ब्रिटिश, मूलतः एंग्लीकन या प्रोटेस्टेंट, का प्रभाव ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन 1757 से हुआ। उपर्युक्त सभी समूह स्वतंत्र हैं, परंतु अधिकांश लोगों द्वारा एक आस्था रखने वाले समूह के रूप में देखे जाते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## बोधि वृक्ष

# हनुमानगढ़ी के इतिहास की 5 खास रोचक बातें

अयोध्या में बनने वाले भव्य राम मंदिर से जुड़े 10 रोचक तथ्य




**5. हनुमान मंदिर परिचय :** हनुमान गढ़ी, वास्तव में एक गुफा मंदिर है। यहां तक पहुंचने के लिए लगभग 76 सीढ़ियां चढ़नी होती हैं। यहां पर स्थापित हनुमानजी की प्रतिमा केवल छः (6) इंच लंबी है, जो हमेशा फूलमालाओं से सुशोभित रहती है। इस मंदिर परिसर के चारों कोनो में परिपत्र गढ़ हैं। मंदिर परिसर में मां अंजनी व बाल (बच्चे) हनुमान की मूर्ति है जिसमें हनुमानजी, अपनी मां अंजनी की गोदी में बालक रूप में लेटे हैं। हनुमानगढ़ी में ही अयोध्या की सबसे ऊंची इमारत भी है जो चारों तरफ से नजर आती है। इस विशाल मंदिर व उसका आवासीय परिसर करीब 52 बीघे में फैला है। वृंदावन, नासिक, उज्जैन, जगन्नाथपुरी समेत देश के कई नगरों में इस मंदिर की संपत्तियां, अखाड़े व बैठक हैं।

## टेक वर्ल्ड

# व्हाट्सएप के नए फीचर का टेस्टिंग जारी

**व्हाट्सएप** एक नई सुविधा का परीक्षण कर रहा है जो यूजर्स फोटो और वीडियो पर लंबे समय तक प्रेस किए बिना तुरंत उत्तर देने और प्रतिक्रिया देने की सुविधा देता है। किसी फोटो या वीडियो पर प्रतिक्रिया करने का एकमात्र तरीका उस पर लंबे समय तक टैप करना और दिखाई देने वाली बार से अपनी प्रतिक्रिया चुनना है। व्हाट्सएप, दुनिया भर में अरबों लोगों द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला इंस्टेंट मैसेजिंग प्लेटफॉर्म, यह एक नई कार्यक्षमता का परीक्षण कर रहा है जो उपयोगकर्ताओं को प्लेटफॉर्म पर साझा की गई फोटो और वीडियो पर तुरंत प्रतिक्रिया देने की सुविधा देता है। वर्तमान में, किसी फोटो या वीडियो पर प्रतिक्रिया करने का एकमात्र तरीका उस पर लंबे समय तक टैप करना और दिखाई देने वाली बार से अपनी प्रतिक्रिया चुनना है। हालांकि, व्हाट्सएप एक नई कार्यक्षमता का परीक्षण कर रहा है जो उपयोगकर्ताओं को मीडिया पर तुरंत उत्तर देने और प्रतिक्रिया देने की सुविधा देता है। पिछले साल सितंबर में, डेवलपर्स ने ऐप के मीडिया व्यूअर के लिए एक नया रिप्लाई बार पेश किया था, लेकिन नवीनतम बीटा मीडिया व्यूअर में एक रिएक्ट बार जोड़कर इसे एक कदम आगे ले जाता है।



व्हाट्सएप में कोई फोटो देखते समय या वीडियो देखते समय, उपयोगकताओं के पास अब सीधे इसका उत्तर देने का विकल्प होता है।

(क्रमशः)


स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## खरगे ने गठबंधन नेताओं को चिट्ठी लिख आयोग पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** पहले और दूसरे चरण के मतदान के बाद डेटा जारी करने में देरी को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चुनाव आयोग के काम करने के तौर-तरीके पर संदेह व्यक्त किया है। चुनाव आयोग को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हुए खड़गे ने इंडी गठबंधन के नेताओं से अपील की है कि इस तरह की गड़बड़ियों के लिए एक साथ मिलकर आवाज उठाएं। खरगे ने पत्र में कहा है कि पहले और दूसरे चरण के मतदान के अंतिम प्रतिशत आने में देरी हुई। उन्होंने मीडिया रिपोर्ट हवाला देते हुए यह भी लिखा है कि तीसरे चरण के लिए वोटरों की लिस्ट भी जारी नहीं की गई है।

## कर्नाटक में एकाध सीटों को छोड़ बाकी सभी पर जीतेगी भाजपा



**शिवमोग्गा (कर्नाटक)।** पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य बीएस येदियुरप्पा ने मंगलवार को दावा किया कि कर्नाटक की 28 सीटों में से एकाध को छोड़कर, सभी पर पार्टी की जीत होगी। येदियुरप्पा ने यहां अपना वोट डालने के बाद पत्रकारों से कहा, "मेरे हिसाब से हम 25-26 सीटें जीतने जा रहे हैं। माहौल बहुत अच्छा है। हम जहां भी जाते हैं लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जय-जयकार कर रहे हैं। उस आधार पर मैं बता रहा हूं कि हम 25-26 सीटें जीतेंगे।" पूरे राज्य में एक अनुकूल माहौल है और मैं राज्यव्यापी दौरा करने के बाद आपको यह बता रहा हूं।"

## कांग्रेस को वोट दें, मजबूत और एकजुट भारत बनाएं : सोनिया गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने देश की जनता से एक भावुक अपील की है। उन्होंने एक वीडियो संदेश जारी कर देश की जनता से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। इस दौरान वह भाजपा पर भी हमलावर नजर आईं। उन्होंने कहा, आज देश के हर कोने में युवाओं में बेरोजगारी, महिलाओं पर अत्याचार, दलित, आदिवासी, पिछड़े और माइनॉरिटी भयंकर भेदभाव झेल रहे हैं। सोनिया ने आगे कहा, ऐसा माहौल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की नीयत की वजह से है। उनका ध्यान किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करने पर है।

## बसपा ने सर्व समाज को उचित भागीदारी दी : मायावती



**लखीमपुर खीरी।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को लखीमपुर में कहा कि यहां के सांसद ने किसानों का उत्पीड़न किया है, उनकी जमानत जब्त करानी है। मुझे मालूम है कि यहां सिख समाज के लोग काफी संख्या में हैं। जब भी किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन हुआ है तब भाजपा के लोगों ने ज्यादती की। किसानों का जुल्म-ज्यादती का शिकार होना पड़ा है। यहां भाजपा के जो सांसद उम्मीदवार हैं, उन्होंने किसानों का शोषण किया है। मायावती ने आगे कहा कि बहुजन समाज पार्टी अकेले दम पर चुनाव लड़ रही है और उसका किसी भी दल से कोई गठबंधन नहीं है।

# कांग्रेस को पाकिस्तान से मोहब्बत और सेना से है नफरत : पीएम मोदी

## देश के लिए इनके इरादे खतरनाक' इनमें देश विरोधी बातें करने की लगी होड़

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मध्य प्रदेश के खरगोन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर प्रहार किया। कहा, कांग्रेस के एक पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा कि हमारी सेना आतंकी हमले करती है, पाकिस्तान तो निर्दोष है, क्या देश का नागरिक ऐसी बात सुन सकता है। कांग्रेस के एक और बड़े नेता ने कहा मुंबई आतंकी हमले में भी पाकिस्तान का हाथ नहीं था। कांग्रेस के एक और साथी दल के नेता फारूक अब्दुल्ला भारत को धमकी देते हैं और कहते हैं पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हुई है। मैं कांग्रेस के शहजादे से पूछना चाहता हूं कि आपके साथी ये सब बोल रहे हैं आखिर इनकी मंशा क्या है। पाकिस्तान से इतनी मोहब्बत और हमारी सेना से इतनी नफरत।

पीएम मोदी ने आगे कहा, "कांग्रेस के इरादे कितने भयानक हैं, उसकी साजिशें कितनी खतरनाक है, ये समझने के लिए आपको उन लोगों की बातें सुननी होगी, जो 20-25 साल कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता रहे हैं और ये लोग अब धड़ाधड़ कांग्रेस छोड़ रहे हैं। कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद खुली हवा में सांस लेते हुए कहते हैं, बस अब और नहीं।




**इनकी एक महिला प्रवक्ता ने कहा–** कि मैं राम मंदिर गई, तो उसको इतना टॉर्चर किया गया कि उन्हें कांग्रेस ही छोड़नी पड़ गई। यहां तक की उनकी शिकायत पर किसी भी वरिष्ठ नेता ने संज्ञान तक नहीं लिया।

**दूसरे व्यक्ति ने कहा–** कि कांग्रेस पर मुस्लिम लीगि और माओवादियों ने कब्जा कर लिया है। इसलिए इनके मेनिफेस्टो में मुस्लिम लीग की सोच और वादे हैं। संपत्ति पुनर्वितरण की मंशा नक्सली अराजकता से भरी है।

**तीसरे ने कहा–** कि 'कांग्रेस के शहजादे का इरादा राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने का है। जैसे शहजादे के पिताजी ने शाहबानो प्रकरण में फैसला बदला था। वैसे ही कांग्रेस राम मंदिर का फैसला पलटने की सोच रही है।

**चौथे व्यक्ति ने कहा–** कांग्रेस में चर्चा हुई है कि मोदी को झूठे आरोप में फंसाओ, इसलिए आज कल संविधान को लेकर झूठ फैलाया जा रहा है। जबकि ये खुद संविधान के खिलाफ धार्मिक आरक्षण देने की बात कर रहे हैं।

### देश में आग लगाने की करते हैं बात

पीएम मोदी ने कहा, ये लोग (कांग्रेस) देश में आग लगाने की बातें कर रहे हैं। कांग्रेस-इंडी गठबंधन को आस्था और देशहित की परवाह नहीं है। राष्ट्र विरोधी बातें करने में कांग्रेस के लोगों में होड़ लगी है। चुनाव के हर चरण के बाद कांग्रेस का पाकिस्तान प्यार चरम पर पहुंच रहा है। इन लोगों के बयान हैरान करने वाले हैं।

रैली में पीएम मोदी ने कहा, पाकिस्तान में आतंकी भारत के खिलाफ जिहाद की धमकी दे रहे हैं और यहां कांग्रेस के लोगों ने भी घोषणा कर दी है। मोदी के खिलाफ वोट जिहाद करो यानी मोदी के खिलाफ एक खास धर्म के लोगों को एकजुट होकर वोट करने को कहा जा रहा है। कांग्रेस किस स्तर पर उतर आई है। हताशा निराशा ने कांग्रेस को कहां ले जाकर पटका है। क्या वोट जिहाद आपको मंजूर है? क्या लोकतंत्र में यह बात चल सकती है? क्या भारत का संविधान ऐसी जिहाद की अनुमति देता है।

## मुसलमानों को आरक्षण देने के बयान से कुछ ही घंटों में पलटे लालू यादव



**एजेंसी। पटना**

राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने 'मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए' वाले बयान से कुछ ही घंटों में पलटी मार दी। मालूम हो कि बिहार विधान परिषद में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने पहुंचे राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने मंगलवार को मुसलमानों को आरक्षण देने की वकालत करते हुए कहा कि मुस्लिमों को आरक्षण मिलना ही चाहिए। लालू यादव ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा, आरक्षण का आधार धर्म नहीं बल्कि सामाजिक पिछड़ापन होता है। प्रधानमंत्री को इतनी सी भी समझ नहीं है।

मंडल कमीशन हमने लागू करवाया है। क्या नरेंद्र मोदी ने कभी मंडल कमीशन और उसकी सिफारिशें पढ़ी है? मंडल कमीशन में 3, 500 से अधिक पिछड़ी जातियों को आरक्षण मिलता है, जिसमें अन्य धर्मों की भी सैंकड़ों जातियों को आरक्षण मिलता है। उन्होंने आगे भाजपा को निशाने पर लेते हुए लिखा कि ये हमसे बड़े और असली ओबीसी नहीं हैं ना हमसे ज्यादा गरीबों, पिछड़ों और दलितों की इनको समझ नहीं है। ये लोग बस एक-दूसरे को लड़ाते हैं।

## नक्शा विवाद पर आर्मी चीफ की सरकार को नसीहत, पड़ोसी देश को चिढ़ाना बन्द हो

**काठमांडू।** नेपाल सरकार के नोट पर विवादित नक्शा छापने के निर्णय का सेना की तरफ से विरोध किया गया। सेना ने सरकार को नसीहत दी है कि वो अपने पड़ोसी देश को चिढ़ाना बन्द करे। नेपाली सेना के प्रधान सेनापति जनरल प्रभुराम शर्मा ने कहा कि सरकार को कोई ऐसा कदम नहीं उठाना चाहिए जिससे पड़ोसी देश चिढ़ जाए। हाल ही में सरकार द्वारा सौ के नोट पर विवादित नक्शे को प्रकाशित करने की तरफ इंगित करते हुए प्रधान सेनापति ने कहा कि जिन समस्याओं का समाधान कूटनीतिक तरीके से होना चाहिए उसके लिए गैर कूटनीतिक रास्ता अख्तियार करना गलत है। प्रधान सेनापति ने कहा कि हमारी भूराजनीतिक अवस्था को ध्यान में रखते हुए अपने किसी भी पड़ोसी को नहीं चिढ़ाना चाहिए।

## पाकिस्तान का दावा, देश में टारगेटेट हत्याओं के पीछे भारत का हाथ



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के महानिदेशक (डीजी) मेजर जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने मंगलवार को कहा कि हाल में देश में हुई टारगेटेड हत्याओं में पाकिस्तान के पास भारत की संलिप्तता के 'अकाट्य सबूत' हैं। चौधरी ने रावलपिंडी में जनरल मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, भारत की हत्या का सिलसिला अब विभिन्न देशों में फैल गया है। दूसरे देश में सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से लेकर, भारत पाकिस्तान में लोगों की हत्याओं में शामिल रहा है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान के पास हत्याओं के पीछे भारत की संलिप्तता के अकाट्य सबूत हैं। मेजर जनरल ने कहा कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियां सीमा पर आक्रामकता दिखाकर और साथ ही पाकिस्तान विरोधी चुनावी कहानी बनाकर अपने आंतरिक मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने की भारत की योजना से अवगत हैं। डीजी आईएसपीआर ने दावा किया कि मौजूदा लोकसभा चुनावों के दौरान जम्मू-कश्मीर में लोगों की राय को दबाने की भारत की योजना भी स्पष्ट है।

## आज का राशिफल

**मेष** – मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

**वृषभ** – समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मिथुन** – एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-5-6

**कर्क** – कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-4-6-8

**सिंह** – मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कन्या** – आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

**तुला** – अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**वृश्चिक** – पर-प्रपंच में ना पडकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**धनु** – कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ।

**मकर** – पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

**कुम्भ** – शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आय के योग बनेंगे। यात्रा का योग है।

**मीन** – जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

# धर्म के आधार पर कहीं भी आरक्षण नहीं दिया जा सकता है : अली अनवर

**कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** पसमांदा शब्द व पसमांदा आंदोलन के जनक , दो टर्म राज्य सभा सांसद रहे , पसमांदा मुस्लिम महाज के अध्यक्ष अलीअनवर अंसारी मुस्लिम आरक्षण मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के कहे को लेकर पूछने पर कहा - मोदी जी तो ढ्ढ सही नहीं बोल रहे हैं ,मुस्लिम आरक्षण, धर्म के आधार पर आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। लालू जी बोले या मोदी जी बोले, अब क्या लालू जी बोले हैं ठीक-ठीक हमको नहीं पता है। मोदी जी ने तो जो बोला है, वह हम जानते हैं, उसको सुना है।धर्म के आधार पर कहीं भी आरक्षण नहीं दिया जा सकता है। आरक्षण देने के लिए पहली शर्त है सोशली या एजुकेशनली, सामाजिक रूप से पिछड़ा होना और शैक्षणिक रूप से पिछड़ा होना। यह दो उसके पैरामीटर हैं। मुस्लिम में जो पिछड़े हैं, जिनको हम पसमांदा मुस्लिम कहते हैं, उनको तो ऑलरेडी आरक्षण मिल रहा है। हां यह है कि पसमांदा में भी जो पसमांदा तरीन हैं , माने उससे भी नीचे हैं जैसे शुद्र कहिए और शूद्र में अति शूद्र शब्द है, तो बाद में जाकर इस अति शुद्र को दलित कहा गया। तो मुसलमानों में भी दलित हैं, जो पसमांदा दलित हैं जिनको रजिल भी कहा जाता है, गाली का शब्द है, इसलिए हम लोग मुस्लिम दलित शब्द का इस्तेमाल करते हैं। उसके आरक्षण की बात है। मामला सुप्रीम कोर्ट में अभी चल रहा है और उस मामले पर खुद मोदी जी ने एक कमिशन बनाया है, इस मामले की जांच करने के लिए केजीवाला कृष्णन कमेटी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने लिखकर भी दे दिया है कि नहीं होगा, तो भाई नहीं होगा तो आपने कमीशन क्यों बनाया, कमिशन बनाया तो लिख करके क्यों दिया, तो यह तो भरमाने की बात है लोगों को। झांसे में लाकर इस इलेक्शन को कम्युनल लाइन पर ले जाने का बात है। मोदी जी छटपटा रहे हैं। उनको 10 साल में कोई उपलब्धि तो है नहीं, हर मोर्चे पर फेल हुए हैं, बेरोजगारी महंगाई भ्रष्टाचार, भ्रष्टाचार में तो उनकी पार्टी और सरकार आपात मस्तक डूबी हुई है, तो इसी तरह से भटकाने का काम हो रहा है। कोई भी - चाहे कोई भी नेता धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दे सकता है । धर्म के आधार पर नहीं दिया जा सकता है।

- **आरक्षण देने के लिए पहली शर्त है- सामाजिक व शैक्षणिक रूप से पिछड़ा होना**
- **किसी राज्य में .. सभी मुसलमानों को आरक्षण नहीं है**

**आरक्षण देने के लिए हर राज्य में एक बैकवर्ड कमिशन है और केंद्र में एक सेंट्रल बैकवर्ड कमीशन है।**

मैं खुद बिहार में बैकवर्ड कमिशन का मेंबर रहा हूं। तो मैं जानता हूं सरकार सीधे आरक्षण नहीं देती है। बैकवर्ड कमिशन सिफारिश करता है ।सरकार उसको मान लेती है, एक तरह से मैंडेटरी है उसको मान लेना। तो कई जगह यह होता है। हो सकता है कर्नाटक में ऐसा हो, हमारे बिहार में भी ऐसे हुआ है। कई लोग जो जिनको ओबीसी में नहीं आना चाहिए, तो उसमें से एक आध लोग आ गए हैं। इस तरह से हो सकता है कर्नाटक में कोई चला गया हो। तो यह हिंदू मुस्लिम और सभी मुस्लिम को आरक्षण नहीं कहा जा सकता है। अगर बीजेपी को इतनी ही चिंता है, तो नेशनल कमीशन को भेज करके जांच कर जो गलती से उसमें गए हैं उनको निकाल दे, निकलवा दे। राज्य सरकार के देने से क्या होता है। यदि कोई गलती से चला गया है तो नेशनल बैकवर्ड कमिशन उसको निकाल देगा। इस तरह से बिहार में जो गलती से चले गए हैं बिहार सरकार चाहे या सेंट्रल बैकवर्ड कमिशन चाहे, तो उसको निकलवा सकता है। जैसे बिहार में मलिक पहले जनरल कैटेगरी में थे, मुसलमान में भी होता है, बाद में नीतीश जी के शासनकाल में उसको बैकवर्ड कैटेगरी में ला दिया गया, कर दिया गया। नीतीश जी के साथ तो यह मोदी जी भी थे, तो इन्होंने किया। तो यह नरेंद्र मोदी जी ने किया क्यों नहीं कहते हैं? नीतीश कुमार की बात कह नहीं सकते हैं?

**खान भी कई जगह पहले से–**

कर्नाटक में खान को दिया गया( आरक्षण) है तो वही बात कहते हैं हम, नहीं जानते हैं कि वहाँ की स्थिति क्या है। कई राज्यों में, देखिए बिहार में मोदी जो हैं,सुशील मोदी, आरक्षण वाले कैटेगरी में हैं, ओबीसी में हैं, लेकिन वही उत्तर प्रदेश में नहीं हैं। कई जगह दूसरी जातियों के , राजपूत भी कुछ राज्यों में कुछ इलाकों में उनको ओबीसी में रखा गया है, जैसे राजस्थान में हैं। तो इसलिए कहने का मतलब यह है, कुछ राज्यों में या राज्यों के कुछ इलाकों में कुछ लोगों को पिछड़ा घोषित कर सकता है। वह कमिशन करता है। काका कालेलकर आयोग बना, पहले उसने कोई सिफारिश की, लागू नहीं हुई। फिर मंडल कमीशन ने सिफारिश की, तो उसमें से जो गलती हुई, उसमें उसको सुधारने के लिए ही हर राज्यों में और केंद्र में एक बैकवर्ड कमिशन बना है।

## नौसेना के तीन जहाजों की दक्षिण चीन सागर में तैनाती

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े को दक्षिण चीन सागर में तैनात किया गया है। भारतीय जहाज दिल्ली, शक्ति और किल्टन इसी तैनाती के हिस्से के रूप में सिंगापुर पहुंच गए हैं, जहां सिंगापुर गणराज्य की नौसेना के कर्मियों और सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। भारत के इन जहाजों की इस यात्रा से कई कार्यक्रमों और गतिविधियों के माध्यम से दोनों समुद्री देशों के बीच दीर्घकालिक मित्रता और सहयोग को और मजबूती मिलेगी।

कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि नौसेना के पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल राजेश धनखड़ के नेतृत्व में तीनों जहाज 06 मई को सिंगापुर पहुंच गए हैं। इन तीनों जहाजों का सिंगापुर पहुंचना दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती का हिस्सा है। सिंगापुर गणराज्य की नौसेना के कर्मियों और सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।




बंदरगाह में इन जहाजों के प्रवास के दौरान विभिन्न गतिविधियों को शुरू करने की योजना बनाई गई है, जिसमें भारतीय उच्चायोग के साथ बातचीत, सिंगापुर की नौसेना के साथ पेशेवर बातचीत के साथ-साथ अकादमिक और सामुदायिक आउटरीच सहित अन्य गतिविधियां होंगी। भारतीय और सिंगापुर की नौसेना के बीच तीन दशकों के सहयोग, समन्वय और नियमित यात्राओं, सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान और पारस्परिक प्रशिक्षण व्यवस्थाओं के साथ मजबूत संबंध रहे हैं। वर्तमान तैनाती दोनों नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को दर्शाती है।

# न्यूज बॉक्स

## कुलगाम मुठभेड़ में तीन आतंकी ढेर, तलाशी अभियान जारी



**कुलगाम।** कुलगाम जिले के रेडवानी पाईन इलाके में मंगलवार सुबह एक बार फिर शुरू हुई मुठभेड़ में अब तक सुरक्षाबलों ने तीन आतंकवादी मार गिराए हैं। अधिकारियों ने कहा कि मुठभेड़ स्थल से तीन आतंकवादियों के शव बरामद किए गए हैं जबकि तलाशी अभियान अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि मारे गए आतंकवादियों की पहचान अभियान पूरा होने के बाद की जाएगी। इससे पहले इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की विशेष सूचना मिलने के बाद सोमवार शाम को पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने रेडवानी पाईन में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। जैसे ही सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम संदिग्ध स्थान की ओर बढ़ी छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

## पंजाब के फिरोजपुर से शेर सिंह घुबाया होंगे कांग्रेस उम्मीदवार



**नई दिल्ली।** पंजाब के फिरोजपुर संसदीय क्षेत्र से शेर सिंह घुबाया कांग्रेस के उम्मीदवार होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोकसभा चुनाव के लिए फिरोजपुर संसदीय क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार के रूप में शेर सिंह घुबाया की उम्मीदवारी को मंजूरी दे दी। कांग्रेस पार्टी ने आज (मंगलवार) इनके नाम की विधिवत घोषणा भी कर दी।

## इजराइली सेना रफाह पर कर सकती है हमला फलस्तीनियों से सुरक्षित स्थान पर जाने को कहा

**यरुशलम।** इजराइली सेना रफाह पर आने वाले समय में संगठित तरीके से बड़ा हमला कर सकती है, इसी के मद्देनजर रफाह में शरण लिए फलस्तीनियों से ठिकाना छोड़कर सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए कहा है। काहिरा में हमास के साथ युद्धविराम के लिए वार्ता विफल होने के बाद इजराइल ने रफाह में जल्द जमीनी सैन्य कार्रवाई के संकेत दिए हैं। वहीं इजराइल ने रफाह पर सोमवार को हवाई हमले किए। इन हमलों में 20 लोग मारे गए और कई के घायल हुए हैं। हमास ने कहा है कि रफाह पर इजराइल की कार्रवाई का विपरीत असर भविष्य में गाजा में युद्धविराम के लिए होने वाली वार्ता पर पड़ेगा। वैसे हमास फलस्तीनियों की रक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार है। गाजा के दक्षिणी शहर रफाह में इस समय लगभग 14 लाख बेघर लोग शरण लिए हुए हैं।

## राधिका खेड़ा और शेखर सुमन भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक राधिका खेड़ा और अभिनेता शेखर सुमन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में पार्टी महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में राधिका खेड़ा और अभिनेता शेखर सुमन ने पार्टी की सदस्यता ली। भाजपा में शामिल होने के बाद राधिका खेड़ा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि रामभक्त होने के नाते रामलला के दर्शन करने के कारण कांग्रेस पार्टी ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। मोदी सरकार का संरक्षण नहीं मिला होता तो यहां तक नहीं पहुंच पाती।

## बारामूला में जब्त हुई पाकिस्तानी आतंकियों की भारतीय संपत्ति



**बारामूला।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पाकिस्तान में रहने वाले सात आतंकियों की मंगलवार को संपत्तियां कुर्क कीं हैं। बारामूला की अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने आतंकियों की संपत्ति की कुर्की आदेश दिया था, इसके बाद पुलिस ने पाकिस्तान स्थित आतंकियों की भारतीय संपत्तियों को कुर्क कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि अतिरिक्त सत्र न्यायालय बारामूला से पारित कुर्की आदेश पर पाकिस्तान स्थित आतंकी संचालकों की संपत्तियां (13 कनाल) कुर्क की गईं। पुलिस ने कहा कि यह कार्रवाई 88 सीआरपीसी की धाराओं के तहत की गई है। यह कार्यवाही पुलिस स्टेशन क्रेरी में विभिन्न एक्ट के तहत दर्ज मामले से जुड़ी हुई है।

## सलमान के आवास पर फायरिंग मामले में पांचवां आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार



**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के मुंबई के बांद्रा स्थित आवास पर फायरिंग मामले में महाराष्ट्र पुलिस ने मंगलवार को राजस्थान से पांचवें आरोपित को गिरफ्तार किया। महाराष्ट्र पुलिस के सूत्रों ने बताया कि पकड़े गए आरोपी मोहम्मद चौधरी को कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद मुंबई लाकर कोर्ट में पेश किया जाएगा। मोहम्मद चौधरी ने 14 अप्रैल को गैलेक्सी अपार्टमेंट में गोलीबारी की घटना में दो शूटरों की मदद की थी। दोनों शूटर पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। अब तक की जांच में पता चला है कि पांचवें आरोपित चौधरी ने दोनों शूटरों को अपराध स्थल की रेकी करने में मदद की और उन्हें पैसे मुहैया कराए। उल्लेखनीय है कि 14 अप्रैल को बाइक सवार दो हमलावरों ने सलमान के आवास गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर गोलीबारी की और फरार हो गए थे।

## पश्चिम बंगाल में भारी बारिश और आंधी-तूफान से छह लोगों की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भीषण गर्मी के बीच सोमवार शाम बाद हुई भारी बारिश और आंधी-तूफान से छह लोगों की मौत हो गई। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने आज बताया कि सोमवार को दक्षिण बंगाल में भारी बारिश हुई है। इस दौरान आंधी-तूफान के बीच छह लोग काल-कलवित हो गए। उधर, मौसम के बदलाव से कोलकाता और कुछ जिलों के लोगों को चिलचिलाती धूप से राहत मिली है। आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक नादिया, पुरुलिया और पूर्व बर्दवान जिले सहित दक्षिण बंगाल के विभिन्न जिलों में एक विवाहित जोड़े सहित छह लोगों की मौत हो गई। बारिश की वजह से पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन की सियालदह-कैनिंग लाइन पर उपनगरीय ट्रेन सेवाएं एक घंटे से अधिक समय तक प्रभावित रहीं।आंधी-तूफान के दौरान केले के पत्ते ओवरहेड इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन वायर पर गिर गए। रेलवे ने बताया कि रात आठ बजे से 9.15 बजे तक ट्रेन सेवाएं प्रभावित रहीं। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अनुसार खराब मौसम के कारण कोलकाता आने वाली तीन उड़ानों का डायवर्ट करना पड़ा।



# प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए लखनऊ को हराने उतरेगी सनराइजर्स




**एजेंसी। हैदराबाद**

अपने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन से उबरकर सनराइजर्स हैदराबाद लखनऊ सुपर जाइंटस के खिलाफ बुधवार को आईपीएल के मैच में जीत दर्ज करके प्लेआफ का दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। दोनों टीमों के 11 मैचों में 12 अंक हैं। सनराइजर्स का नेट रनरेट (माइनस 0.065) लखनऊ (माइनस 0.371) से बेहतर है। अंक तालिका में कोलकाता नाइट राइडर्स (16), राजस्थान रॉयल्स (16) और चेन्नई सुपर किंग्स (12) उससे ऊपर हैं।

सनराइजर्स और लखनऊ में से जो जीतेगा वह प्लेआफ की दौड़ में एक कदम आगे होगा। पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन पिछले कुछ मैचों में उसके विजय अभियान पर रोक लग गई है। पिछले चार में से तीन मैचों में सनराइजर्स को पराजय का सामना करना पड़ा है क्योंकि उसके आक्रामक बल्लेबाज नाकाम रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में वे बड़ा स्कोर नहीं बनाने के कारण सात विकेट से हार गए।

ट्रैविस हेड को छोड़कर बाकी बल्लेबाज पिछले कुछ मैचों में खराब फॉर्म में रहे हैं। युवा अभिषेक शर्मा पिछले चार मैचों में 30 रन से आगे नहीं जा सके हैं। सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि हर बार सलामी बल्लेबाजों पर ही जिम्मेदारी नहीं छोड़ी जा सकती, मध्यक्रम को भी कमान संभालनी होगी। हेनरिच क्लासेन लगातार अच्छा खेलने में नाकाम रहे हैं और नीतिश रेड्डी ने भी टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। टी नटराजन ने अच्छी गेंदबाजी की है जबकि अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने भी लय हासिल कर ली है।

दूसरी ओर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने कोलकाता के खिलाफ इकाना स्टेडियम पर निराशाजनक प्रदर्शन किया और पहली बार 200 से अधिक रन देने के बाद 137 रन पर आउट हो गई। कप्तान केएल राहुल नाकाम रहे जबकि मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन भी बड़ी पारियां नहीं खेल सके। आयुष बडोनी का इस आईपीएल में प्रदर्शन औसत ही रहा है और वह अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे।

### टी 20 विश्व कप में भारत की सफलता की कुंजी होंगे ये दो खिलाड़ी : शास्त्री

**दुबई ।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि आगामी टी20 विश्व कप में शिवम दुबे की बड़े छक्के लगाने की क्षमता से भारत को बड़े स्कोर बनाने में मदद मिलेगी और यशस्वी जायसवाल के साथ दुबे पर भारत की उम्मीदों का दारोमदार होगा। जायसवाल और दुबे एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में पदार्पण करेंगे। शास्त्री ने आईसीसी से कहा, ह्यदोनों बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं। एक यशस्वी जायसवाल है जिसने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। वह युवा है और बेखौफ खेलता है।' चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेलने वाले दुबे ने इस सत्र में 11 मैचों में 170.73 की स्ट्राइक रेट से 350 रन बनाए हैं। शास्त्री ने कहा, मध्यक्रम में उसे देखिएगा। वह आक्रामक है और मैच विनर है। वह मजे के लिये छक्के लगा देता है और स्पिन गेंदबाजी को बखूबी खेलता है।'

# 'हमें वास्तव में एक अच्छे कप्तान की जरूरत है'




**एजेंसी। नई दिल्ली**

